आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-088 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

पानी की मांग को लेकर जल मंत्री आतिशी की भूख हड़ताल खत्म

नई दिल्ली,25 जून। पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की भूख हड़ताल पांचवें दिन खत्म हो गई है। इसकी जानकारी आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। आप नेता ने कहा, आज हम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए पत्र लिख रहे हैं। एलजी साहब ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात की है। जिसके बाद अब इस अनिश्चितकालीन अनशन को रोका जा रहा है। अब हम दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए सभी विपक्षी दलों के साथ संसद में भी आवाज उठायेंगे। आपको बता दें कि आतिशी की मंगलवार तड़के तबीयत अचानक खराब हो गई था, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के लोकनायक अस्पताल (एलएनजेपी) के के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है।

छत्तीसगढ़ में मिली हार की कांग्रेस करेगी समीक्षा

रायपुर,25 जून। छत्तीसगढ़ में पहले विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनाव में मिली हार की कांग्रेस गहन समीक्षा करने जा रही है. इसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली की अगुवाई में गठित कमेटी 29 जून को छत्तीसगढ़ का दौरा कर सकती है.

जानकारी के अनुसार, वीरप्पा मोइली की अगुवाई में गठित 29 जून से 4 जुलाई तक छत्तीसगढ़ में समीक्षा करेगी. कमेटी में कमेटी में अन्य सदस्य हरीश चौधरी भी मौजूद रहेंगे. इसमें समिति प्रदेश के पांचों संभागों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर उनसे रायशुमारी करेगी. समीक्षा के बाद समिति अपनी रिपोर्ट आलाकमान को सौंपेगी.

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, पति-पत्नी समेत परिवार के चार लोगों की मौत

नई दिल्ली ,25 जून। दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में एक घर में आग लगने से परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो बेटे शामिल हैं। आग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घर में आग की घटना सुबह करीब साढ़े तीन बजे हुई है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। दमकल की दो गाड़ियों के जरिए आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली फायर सर्विस अधिकारी के मुताबिक, घर में लगी आग को बुझा दिया गया है। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। सभी को अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आग लगने का कारण इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस हादसे की जांच कर रही है। शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : मोहन यादव

भोपाल ,25 जून । आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'आपातकाल' लोकतंत्र का काला अध्याय है, जो असफलता की कुंठा से उपजे अहंकार और दमन के कुचक्र का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि 1975 में आज ही के दिन (25 जून को) इंदिरा गांधी की सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। तब मां भारती की साहसी संतानों ने ही कड़ा प्रतिरोध किया और यातनाएं सहकर भी लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया। लोकतंत्र के लिए समर्पित सभी विभूतियों को शत-शत् नमन करता हूं।

राज्य के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

देश के इतिहास में पहली बार स्पीकर के लिए होगा चुनाव

एनडीए से ओम बिरला व इंडी से के.सुरेश ने भरा नामांकन, 26 को मतदान

नई दिल्ली,25 जून। सरकार और विपक्ष के बीच स्पीकर के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पाई। इसके कारण एनडीए के बाद इंडी ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है। विपक्ष ने के सुरेश को स्पीकर पद के लिए इंडी का उम्मीदवार बनाया है। वहीं बीजेपी ने एक बार फिर इस पद के लिए ओम बिरला को अपना उम्मीदवार बनाया है। एनडीए उम्मीदवार ओम बिरला ने अपने स्पीकर पद के लिए नामांकन कर दिया है। वहीं के सुरेश ने भी नामांकन भर दिया है। अब 26 जून को लोकसभा के स्पीकर का फैसला चुनाव के माध्यम से होगा। देश के इतिहास में पहली बार स्पीकर चुनाव के माध्यम से तय होगा। डिप्टी स्पीकर के लिए एनडीए और इंडी अलांयस के बीच सहमति नहीं बन पाई। एनडीए डिप्टी स्पीकर का पद भी अपने पास रखना चाहती है। वहीं इंडी अलांयस इसे विपक्ष को देने की मांग कर रहे थे। जबकि भाजपा लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखकर अपने घटक दल टीडीपी या जेडीयू को देना चाहती है। लिहाजा इस पर सहमति नहीं बन पाने के कारण इंडिया गठबंधन से अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद पीयूष गोयल ने विपक्ष पर पलटवार किया है। पीयूष गोयल ने दावा कि विपक्ष ने कहा कि पहले डिप्टी स्पीकर के लिए नाम तय करें, फिर हम स्पीकर उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। हम ऐसी राजनीति की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चयन करना एक अच्छी परंपरा होती। अध्यक्ष किसी पक्ष या विपक्ष का नहीं होता। वह पूरे सदन के हैं। इसी प्रकार उपसभापति भी किसी दल या समूह का नहीं होता वह पूरे सदन के हैं और इसलिए सदन की सहमति होनी चाहिए।

लोकसभा में नंबर गेम

लोकसभा के नंबरगेम की बात करें तो इस बार तस्वीर 2014 और 2019 के मुकाबले अलग है। एनडीए की अगुवाई कर रही बीजेपी 240 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन दो चुनाव बाद पार्टी पूर्ण बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आकंड़े से पीछे रह गई। लोकसभा में एनडीए का संख्याबल 293 है. वहीं, विपक्ष की बात करें तो कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत मिली थी, लेकिन राहुल गांधी दो सीट से जीते थे इस लिहाज से सांसदों की संख्या 98 थी। राहुल ने वायनाड सीट छोड़ दी है. ऐसे में पार्टी की सीटें भी अब 98 हो गई हैं। कांग्रेस की अगुवाई वाले इंडिया ब्लॉक के 233 सांसद हैं. सात निर्दलीय समेत 16 अन्य भी चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं।

हमें उपाध्यक्ष का पद चाहिए तभी समर्थन: राहुल

नई दिल्ली,25 जून। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एनडीए के उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए राजनाथ सिंह का फोन आया था। रायबरेली सांसद ने कहा, परंपरा के मुताबिक उपसभापति का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन किया, और उन्होंने उनसे स्पीकर को समर्थन देने के लिए कहा। पूरे विपक्ष ने कहा कि हम स्पीकर का समर्थन करेंगे, लेकिन परंपरा यह है कि डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह दंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''राजनाथ सिंह ने कहा था कि वह मल्लिकार्जुन खड़गे को वापस फोन करेंगे, लेकिन उन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है।

खरगे से तीन बार बात हुई है: राजनाथ

राहुल गांधी को राजनाथ सिंह ने जवाब दिया है। राजनाथ ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे एक वरिष्ठ नेता हैं और मैं उनका सम्मान करता हूं। कल से मेरी उनसे तीन बार बातचीत हो चुकी है। एनडीए के सभी सहयोगियों ने ओम बिड़ला के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। कांग्रेस नामक में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के 293 सदस्य हैं। दूसरी ओर, टीएमसी को छोड़कर सभी प्रमुख इंडिया ब्लॉक सदस्यों ने के सुरेश के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने कहा कि स्पीकर पद के लिए के सुरेश को मैदान में उतारने पर टीएमसी से सलाह नहीं ली गई और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के जवाब का इंतजार कर रही है।

सरगुजा में 9 मेगावाट की सौर परियोजना का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,25 जून। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने समुदाय-केंद्रित पहलों और परियोजना विकास कार्यों का आकलन करने के लिए सरगुजा में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के परसा ईस्ट केटे बासन ब्लॉक का दौरा किया. उन्होंने आरवीयूएनएल की तरफ से सरगुजा जिले के विकास के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की. ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा, पीईकेबी ब्लॉक की अपार सफलता छत्तीसगढ़ और राजस्थान के बीच एक उपयोगी साझेदारी का परिणाम है. हम सरगुजा जिले के विकास में आरवीयूएनएल के योगदान पर गर्व करते हैं. राजस्थान सरकार स्थानीय समुदायों के साथ अपने बंधन को मजबूत करने एवं भविष्य में उनके सशक्तिकरण में और भी अधिक योगदान देने के लिए समर्पित है.आरवीयूएनएल का पीईकेबी ब्लॉक सरगुजा में संगठित क्षेत्र में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जो लगभग 10,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्रदान करता है. इसने स्थानीय श्रमिकों को कोरबा, बिलासपुर और रायगढ़ जैसे अन्य जिलों में पलायन करने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहाँ खनन क्षेत्र ने रोजगार सृजन और स्थानीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. आरवीयूएनएल ने अपने खदान डेवलपर और ऑपरेटर ठेकेदार अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के संचालन के लिए अक्षय ऊर्जा का उपयोग करने के लिए नौ मेगावाट की सौर परियोजना का उद्घाटन किया. उन्होंने उस जंगल का भी दौरा किया, जहां पिछले दशक में कोयला खनन के बाद पुनः प्राप्त भूमि पर आरवीयूएनएल ने स्थानीय

माध्यम से शिक्षा, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कृषि में विभिन्न पहल की हैं. आरवीयूएनएल द्वारा समर्थित अदानी विद्या मंदिर लगभग 900 स्थानीय छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है. उल्लेखनीय रूप से, यह संभवतः भारत का एकमात्र स्कूल है. जहां छात्रों की माताओं की एक सहकारी समिति पौष्टिक नाश्ता और मध्याह्न भोजन तैयार करने और परोसने के लिए जिम्मेदार है.

मंत्री नागर ने डोजर पुश ऑपरेशन भी लॉन्च किया और पीईकेबी ब्लॉक में आरवीयूएनएल लोगों की मदद से 11.5 लाख पेड़ लगाए हैं. उन्होंने चालू वित्त वर्ष के दौरान अतिरिक्त 2.5 लाख पेड़ लगाने के लिए चल रहे अभियान की स्थिति पर भी चर्चा की. उल्लेखनीय है कि हमने साल पेड़ के लिए नर्सरी विकसित करने में रिकॉर्ड कायम किया है. अपनी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में, ऊर्जा मंत्री नागर ने अंबिकापुर पर निर्भर स्थानीय समुदायों के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए पीईकेबी ब्लॉक के पास 25-बेड का आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल स्थापित करने की योजना की घोषणा की.

आपातकाल लगाने वालों को संविधान से लगाव का दिखावा करने का कोई अधिकार नहीं : मोदी

नई दिल्ली,25 जून। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'जिस मानसिकता की वजह से आपातकाल लगाया गया, वह उसी पार्टी में बहुत ज्यादा हद तक जिंदा है, जिसने इसे लगाया था। वे अपने दिखावे से संविधान के प्रति अपने तिरस्कार को छिपाते हैं, लेकिन भारत की जनता उनकी हरकतों को देख चुकी है। इसीलिए उसने उन्हें बार-बार खारिज किया है।'

इतिहास में 25 जून का दिन भारत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण घटना का गवाह रहा है। देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि के लिए आपातकाल लागू था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल की घोषणा की थी। आज इसके 49 साल पूरे हो गए हैं। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करारा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान से प्यार का दिखावा करने का कोई अधिकार नहीं है। पीएम मोदी ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर लिखा, 'आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को खत्म किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत को दरकिनार किया। पूरे देश को ही जेल में बदल दिया गया। कांग्रेस से असहमत हर व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया गया। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाया गया। इसके लिए सामाज के खिलाफ नीतियां लागू की गईं।

अनुकंपा नियुक्ति मिलते ही मां को भूला बेटा

हाईकोर्ट ने कहा- अब वेतन से कटकर मां के खाते में ट्रांसफर होंगे पैसे

बिलासपुर,25 जून। एक मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि पिता की मौत के बाद मां की देखभाल बेटे का नैतिक और कानूनी दायित्व है. एसईसीएल में अनुकंपा नियुक्ति पाने के कुछ दिन बाद बेटे ने मां की देखभाल और खर्च देना बंद कर दिया था. मामले में पुत्र की अपील खारिज कर कोर्ट ने फटकार लगाई, और दस हजार रुपये प्रति माह देने का आदेश दिया है. भुगतान न करने पर एसईसीएल प्रबंधन को पुत्र के वेतन से कटौती कर सीधे मृतक के आश्रित के खाते में जमा कराने का निर्देश दिया है. दरअसल, कोरबा क्षेत्र में रहने वाली महिला का पति एसईसीएल दीपका में कर्मचारी था. सेवाकाल के दौरान पति की मौत होने पर उसने अपने बड़े पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति देने सहमति दी। एसईसीएल के नियमों के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति पाने वाला मृतक के आश्रितों की देखभाल करेगा, यदि वह अपने नैतिक व कानूनी दायित्व का उल्लंघन करता है, तो उसके वेतन से 50 प्रतिशत राशि काट कर आश्रितों के खाते में जमा की जाएगी. अनुकंपा नियुक्ति पाने के बाद कुछ दिनों तक वह अपनी माँ और भाई का देखभाल करता रहा। 2022 से

उसने मां और भाई को छोड़ दिया। जिस पर मां ने हाईकोर्ट में एसईसीएल की नीति के अनुसार बेटे के वेतन से कटौती कर 20 हजार रुपए प्रति माह दिलाये जाने याचिका दायर की. मामले में एसईसीएल ने जवाब में कहा कि नीति के अनुसार सहमति का उल्लंघन करने पर 50 प्रतिशत राशि काट कर मृतक के आश्रितों के खाते में जमा की जा सकती है. एसईसीएल के जवाब पर पुत्र ने कहा की याचिकाकर्ता को 5500 रुपये पेंशन मिल रही है. इसके अलावा मृतक के सेवानिवृत्त देयक की राशि भी उन्हें मिली है. इससे वह अपनी देखभाल कर सकती है, पुत्र ने 10 हजार रुपए प्रतिमाह देने कोर्ट में सहमति दी. हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मां के पक्ष में फैसला दिया. हाईकोर्ट की एकल पीठ के निर्णय के खिलाफ बेटे ने डीबी में अपील की. उसने अपील में कहा कि उसे 79 हजार नहीं बल्कि 47 हजार रुपये वेतन मिलता है, इसमें भी ईएमआई कट रही है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी ने कहा, मां की सहमति से नियुक्ति मिली है, 10 हजार रुपए देने की पुत्र ने सहमति भी दी है. इसलिए खर्च के लिए राशि देना होगा, कोर्ट ने फटकार लगाते हुए पुत्र की अपील को खारिज कर दिया.

आपातकाल थोपकर कांग्रेस ने संविधान का उड़ाया था मखौल

रायपुर,25 जून। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की, अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था। श्री साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रू-ब-रू कराते हुए आपातकाल का काला दिवस मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सन 1975 में देश पर आपातकाल थोपकर तत्कालीन इंदिरा सरकार ने जिस प्रकार से लाखो निरपराध लोगों को जेल में डाला, न्यायपालिका और मीडिया के अधिकारों को नियंत्रित करने का काम किया, अपने विरोधियों को जेल में डालकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया, आज 50 साल बाद यह देश उस काला दिवस को न तो भूल पाया है और न कभी भूल पाएगा। श्री साव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने का काम करती रही है और आज भी कांग्रेस अपने इसी राजनीतिक चरित्र के साथ राजनीति कर रही है। कांग्रेस को न तो देश के संविधान पर भरोसा है और न ही देश की संवैधानिक संस्थाओं पर।

महानदी से रेत चोरी करते 5 हाईवा जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़

आरंग,25 जून। रायपुर के आरंग क्षेत्र में लगातार रेत चोर छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा कही जाने वाली महानदी से अवैध तरीके से रेत की चोरी कर रहे हैं. 15 जून से प्रदेश के सभी रेत खदान नियमित रूप से बंद हो जाते है. इसके बाद भी रेत चोर सक्रिय हैं. आरंग क्षेत्र के कुरूद और मोहमेला में रेत खनन और परिवहन की सूचना पर रायपुर खनिज विभाग, आरंग राजस्व विभाग और आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की. इस दौरान 5 हाईवा वाहनों पर खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई की है. इन दोनों अवैध रेत खदानों में बने रेम को भी विभाग द्वारा तोड़ा गया है. इस दौरान आरंग तहसीलदार सीता शुक्ला, नायब तहसीलदार सुजल साहू, खनिज विभाग और आरंग पुलिस की टीम मौजूद रही. आपको बता दें कि कुरूद रेत खदान से रोजाना सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर के माध्यम से रेत निकाला जाता है और जगह-जगह भंडारण करने के बाद ट्रकों के माध्यम से जिले के बाहर ऊंची कीमतों पर बेचा जाता है. आरंग क्षेत्र में भी कई जगहों पर बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण किया गया है. प्रशासन द्वारा कुछ अवैध भंडारण पर कार्रवाई तो की गई है लेकिन राजनीतिक रसूख रखने वाले लोगों के द्वारा किए हुए अवैध भंडारण पर अब तक कार्रवाई नहीं कर सकी है.

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

ऊंट पर बैठकर निकले सांसद को पुलिस ने रास्ते में ही रोका

नई दिल्ली,25 जून। भारतीय आदिवासी पार्टी के इकलौते सांसद राजकुमार रोत ऊंट बैठकर संसद की ओर रवाना हो गए। उन्होंने जिद ठान ली की वह ऊंट पर बैठकर ही संसद पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण करेंगे। हालांकि दिल्ली पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। बता दें कि राजकुमार रोट बांसवाड़ा से सांसद चुने गए हैं। जानकारी के मुताबिक वह बहुत दूर नहीं जा सके थे तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसपर वह भड़क गए और पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी बहस हो गई। पुलिस का कहना है कि संसद भवन परिसर में जानवर ले जाने की इजाजत नहीं है। बता दें कि आदिवासी नेता राजकुमार रोत पारंपरिक वेशभूषा में ऊंट पर बैठकर संसद भवन परिसर जाना चाहते थे। उनका कहना था कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बैलगाड़ी पर संसद जा सकते थे तो उन्हें ऊंट पर बैठकर जाने से क्यों रोका जा रहा है? उन्होंने कहा कि इस ऐक्शन के खिलाफ वह शिकायत दर्ज करवाएंगे। बता दें कि राजस्थान में कांग्रेस ने भारत आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। वहीं बांसवाड़ा सीट पर राजकुमार रोत ने बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने बीजेपी के महेंद्रजीत सिंह को मात दी थी। बता दें कि चुनाव प्रचार के दौरान भी रोत ने ऊंट की सवारी की थी। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने उन्हें नोटिस जारी कर दिया था। दरअसल डिस्प्ले ऑफ एनिमल इन रोड शो नियम के तहत जानवरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में अलाउ नहीं है। एक दिन पहले ही सीकर से सांसद अमराराम ट्रैक्टर से संसद पहुंचे थे।

नन्हें-मुन्नों के लिए यूनिसेफ ने शुरू किया अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस

jasclaudius@gmail.com

खेलों से शारीरिक-मानसिक विकास की अनूठी पहल

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बच्चों को आने वाले कल का भविष्य माना जाता है। आज हमारे नन्हें-मुन्हें का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। समाज को,देशों को संभालने के पूर्व संसार के सभी बच्चों का लालन-पालन अनुशासित व व्यवस्थित होना अनिवार्य है। द्वितीय विश्व युद्ध ने मानव जाति को सबक सिखाया है कि एक-दूसरे की समस्या को सबको समझना है। दो या तीन देशों के समूह की सोच पूरी दुनिया को बर्बाद करने में सक्षम होती है। संपूर्ण विश्व के नागरिकों की देखभाल के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए, उनके सर्वांगीण विकास के लिए साथ ही पर्यावरण, मानवाधिकार आदि के लिए एक मंच एक संस्था के निर्माण की जरूरत महसूस की गई। ऐसी परिस्थिति में कुछ जागरूक देशों के लोगों ने पहल शुरू की तो संसार को महाविनाश से बचाने और मनुष्यों के संरक्षण के लिए एक संस्था का उदय 24 अक्टूबर 1945 को हुआ। अब जिसके सदस्यों की संख्या 193 हो गई है। सारे जगत में शांति, गरिमा, समानता के साथ एक मजबूत ब्रह्माण्ड बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण हुआ। अब जबकि एक ही जगह दुनिया भर के देशों के प्रतिनिधि आपस में बैठकर समस्याओं के बारे में बातचीत करके उसका समाधान निकाल रहे हैं तो फिर राष्ट्र संघ के प्रति प्रत्येक व्यक्ति का मान-सम्मान बढ़ गया है। आज के युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास की समस्या समाज में बड़ी तेजी से फैल रही है। 1946 में ही नन्हें-मुन्नों के पालन पोषण की चिंता पर संयुक्त राष्ट्र ने ध्यान देना शुरू किया। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनीसेफ अर्थात् यूनाईटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्डरनर्स इमरजेंसी फंड की स्थापना हुई। 1946 से 1924 तक लगातार बच्चों के विकास में बाधा डालने वाले कारको यथा भूखमरी, शोषण, घरेलू हिंसा आदि की ओर ध्यान देकर उसके उन्मूलन के लिए जागरूकता पैदा करने की कोशिश यूनीसेफ द्वारा की जा रही है। इस दिशा में वर्तमान काल में अभिभावकों, माता-पिता की व्यस्तता की वजह से विशेषकर 2 से 3 वर्ष तक आयु के शिशुओं की उपेक्षा का अध्ययन किया गया। जिसमें पाया गया कि कई परिवारों में विभिन्न परिस्थिति की वजह से वे उपेक्षित है। इस तथ्य को विशेष ध्यान में रखते हुए 2021 से यूनिसेफ के गठन के 75वें वर्ष में बच्चों के विकास पर ध्यान देने की योजना बनाई गई। अब 2024 से 11 जून को प्रत्येक वर्ष इन बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दिन यूनीसेफ के द्वारा पूरी दुनिया में नन्हें बच्चों के साथ उनके माता-पिता, अभिभावकों या देखभाल करने वालों को छोटे-छोटे खेल से जोड़ने का अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य में भी प्रयास हुआ है। 11 जून को बच्चों की संस्था बालवाड़ी, शिशु मंदिर या क्लबों में या फिर आसपास के घरों के बच्चों को एकत्रित करके उन्हें छत्तीसगढ़ अंचल के पारंपरिक खेलों का परिचय दिया गया। इसमें ऐसे खेल भी शामिल किए गए जो लुप्तप्राय होते जा रहे हैं लेकिन मन-मस्तिष्क के सकारात्मक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। छत्तीसगढ़ स्थित यूनिसेफ के कार्यालय में अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 11 जून को रायपुर शहर के विभिन्न भागों में बच्चों के साथ समय बिताने के लिए घर के सदस्यों को उपाय बताये गये जिसमें रंगों का प्रयोग तथा छोटी-छोटी प्रेरणादायक कहानियों, प्रेरक प्रसंगों को सुनाया गया। यूनीसेफ के इस प्रयास से माता-पिता व अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारी का अहसास हुआ।

एक नजर

अपराध रोकने रात में गश्त

भिलाई, 25 जून। भिलाई दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने जिले की कानून व्यवस्था में कसावट लाने और चाकूबाजों व बदमाशों पर नकेल कसने के लिए एक शुरुआत की है। इसके तहत उन्होंने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को रोजाना रात को 11 से रात दो बजे तक क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पेट्रोलिंग टीम के साथ ही थाना व चौकी प्रभारी भी रोजाना रात को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर देखें कि उनके थाना क्षेत्र में क्या गतिविधियां हो रही हैं यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि हो रही होगी तो थाना व चौकी प्रभारी उस पर कार्रवाई भी कर सकेंगे बता दें कि अब तक जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों की सप्ताह में सिर्फ एक दिन रात्रि गश्त की ड्यूटी लगाई जाती थी अब एसपी ने आदेश जारी कर सभी थाना व चौकी प्रभारियों को रोजाना रात 11 से दो बजे तक गश्त करने के लिए कहा है खासकर उन क्षेत्रों में जहां पर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है पुलिस की इस पहल से कानून व्यवस्था में कसावट आने की उम्मीद जताई जा रही है। एसपी के आदेश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने रात में तीन घंटे की नियमित गश्त शुरू भी कर दी है रात में पेट्रोलिंग टीम के अलावा प्रभारी अपनी एक अलग टीम के साथ अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे हैं कानून व्यवस्था में कसावट लाने और चाकूबाजी रोकने पहल एसपी जितेंद्र शुक्ल ने दिए पेट्रोलिंग करने के लिए निर्देश दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अपने क्षेत्र में रात 11 से दो बजे तक रोजाना गश्त करें ताकि आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाया जा सके।

सड़क हादसे में युवक की मौत

भिलाई,25 जून। भिलाई पाटन थाना क्षेत्र सड़क पर टहल रहे युवक को बाइक सवार ने ठोकर मार दी हादसे में युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है पाटन पुलिस ने बताया कि बेलाही पारा पाटन निवासी गणेश राम पेंडरिया ने शिकायात किया है कि 23 जून की शाम 7.30 बजे खाना खाकर अपने घर के छत पर टहल रहा था। इस दौरान बडा भाई घर के सामने सड़क पर टहल रहा था तभी बाइक सावर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बडे भाई को जोरदार ठोकर मार दी जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया आरोपी बाइक चालक सीजी 07 बीव्ही 1613 है हादसे में भाई को सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई गौरतलब हो कि शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में सड़क हादसा रूकने का नाम नहीं ले रहा है ट्रैफिक पुलिस भी हादसे को रोकने के लिए कई बार अभियान चलाकर कंट्रोल करने का प्रयास कर चुकी है।

बाइक सवार तालाब में गिरा,मौत

भिलाई,25 जून । भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र बाइक समेत पत्थर खदान तालाब में गिरे युवक की मौत हो गई है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि घटना ग्राम खपरी निवासी भूपेंद्र गोयल कुम्हारी से अपनी बाइक में घर जाने के लिए निकला था देर रात होने से भूपेन्द्र अपनी बाइक से पत्थर खदान कुम्हारी होते हुए जा रहा था अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक सीधे खदान के भीतर जा गिरा सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया गया है बताया जा रहा है कि खदान लगातार मूरम खुदाई के चलते बड़ा तालाब जैसा बन गया है रात होने के कारण युवक को सड़क का अंदाजा नहीं हो पाया जिससे बाइक समेत युवक खदान में जा गिरा।

सूने घर में चोरी

भिलाई,25 जून । भिलाई-3 थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर चरोदा निवासी संतोष कुमार सेनापति (37 वर्ष) रायपुर विकास प्राधिकरण में प्रायवेट नौकरी पर है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 23 जून की सुबह 8 बजे चाचा लिंगाराजू को सड़क दुर्घटना में चोट आने पर उसे इलाज के लिए रायपुर ले गया था। आज घर आया तो देखा कि आलमारी में रखे 70000 रूपये नगद, एक सोने का चैन, तीन नग सोने का जेंट्स अंगूठी, एक सोने का ब्रेसलेट, जेंट्स घड़ी दो नग एक फास्टट्रैक कंपनी का एक टाइटन कंपनी का, एक स्पीकर बाक्स जेब्रानिक्स कंपनी का, एक सोने का हार सेट, दो नग सोने का ईयर रिंग, चांदी का पायल दो जोड़ी, चांदी की कटोरी, चम्मच, गिलास, पांच जोड़ी चांदी का बिछिया, एक जोड़ी बचकानी पायल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

युवक पर चाकू से हमला

भिलाई,25 जून । भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत आपसी विवाद पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि कृष्णानगर सुपेला निवासी प्रवीण गायकवाड (21 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि गणेश चौक के पास दोपहर 1 बजे हड्डी गोदाम के पास रहने वाले लोकेश सोनी ने आपसी विवाद कर चाकू से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विधायक देवेन्द्र यादव ने नियुक्त किया अपना विधायक प्रतिनिधि

भिलाई, 25 जून। विधायक देवेन्द्र यादव ने आशीष यादव निवासी सेक्टर-1 वार्ड क्र.-38 को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल युनिवर्सिटी दुर्ग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने हेतु जिला प्रशासन को विवरण प्रेषित किया है।

उच्च शिक्षा में भविष्य तलाश रहे युवाओं के सपने के साथ खिलवाड़ कर रही है केंद्र सरकार:तुकाराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,25 जून। नीट के बाद अब यूजी नेट परीक्षा में गड़बड़ी सामने आने पर जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने इस केंद्र सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर शिक्षा में व्यापरीकरण बताया । तुकाराम चंद्रवंशी ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह कोई पहली मर्तबा नही है इससे पहले भी भाजपा सरकार में पेपर लीक जून 2015 में एआईपीएमटी परीक्षा लीक,जुलाई 2016 में नीट 2 पेपर लीक,फरवरी 2017 में आर्मी रिक्रूटमेंट पेपर लीक, मई 2017 में नीट पेपर लीक,दिसंबर 2018 में गुजरात पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक,सितंबर 2020 में नेशनल लॉ एडमिशन टेस्ट पेपर लीक,नवंबर 2021 में यूपी टीईटी का पेपर लीक हुआ था ऐसे दर्जनों पेपर लीक के ज्वलंत उदाहरण है

और अब मई 2024 में नीट और जून 2024 में यू जी सी नेट परीक्षा में पेपर लीक होना लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग चुका है देश के तमाम अभिभावकों के चेहरे पर चिंता की लकीर स्पष्ट रूप से देखी जा रही है नीट और नेट जैसे संवेदनशील परीक्षाओं में इतनी बड़ी धांधली के बाद अभी तक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर कोई आमूलचूल परिवर्तन देखने को नहीं मिल रहा है और ना ही कोई ठोस कार्यवाही की गई है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा ही अब यूजी नेट की परीक्षा में गड़बड़ी सामने आया है इसके बाद परीक्षा रद्द कर दिया गया है बार-बार परीक्षाओं में गड़बड़ी से यह साफ होता है कि केंद्र की मोदी सरकार देश के देश के लाखों छात्र-छात्राओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने में सक्षम नहीं है केंद्र सरकार पेपर लीक जैसे गोरख धंधा चलाने वालों पर कार्यवाही करने के बजाय पर्दा डालने का काम कर रही है। चंद्रवंशी ने कहा यूजी नेट परीक्षा के लिए देश भर के लगभग 12 लाख अभ्यर्थियों को निराशा हाथ लगी है, सालों तैयारी के बाद परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी अपने सही उत्तरों का मिलान कर रहे थे कि बुधवार को परीक्षा निरस्त होने के समाचार ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया , उच्च शिक्षा में कैरियर तलाश रहे हजारों छात्र-छात्राएं खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं केंद्र की मोदी सरकार नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के माध्यम से परीक्षाएं आयोजित करवाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी अपने आप में कोई संस्था नहीं है बल्कि ढ़ेरों प्राइवेट आईटी कंपनियों का बड़ा समूह है । यह संस्था प्राइवेट कंपनियों का मुनाफाखोरी और नकल माफिया के धन उगाही के मॉडल पर चल रही है और देश के लाखों छात्र-छात्राओं के सपनों को कुचलने का काम कर रही है अब 18 जून को हुई नेट परीक्षा की गड़बड़ी की भी आशंका के चलते रद्द की गई है तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा केंद्र के शिक्षा मंत्री को इस लचरतंत्र की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और मोदी सरकार को अपने शिक्षा मंत्री एवं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के उच्च अधिकारियों पर 420 का अपराध दर्ज कर कारवाई करते हुए पुनः नीट एवं यूजी नेट परीक्षा आयोजित करें ।

नगर में धूमधाम से मनाया गया कबीर प्राकट्य महोत्सव

भिलाई, 25 जून। श्री सतगुरु कबीर साहेब समिति के तत्वावधान में कबीरधाम गोकुल नगर पुलगांव में कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण तथा कबीर साहेब की तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से किया गया। स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष लेख राम साहू ने किया। मुख्य प्रवक्ता संत सोहंग शास्त्रीय साहब ने कहा कि कबीर साहब किसी माता के गर्भ से पैदा नहीं हुई बल्कि इस धरा पर अवतरित हुए हैं और उनका प्राकट्य दिवस प्रतिवर्ष वैशाख पूर्णिमा से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक पूरी भारत वर्ष में मनाया जाता है। पर्यावरण के प्रति संदेह देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए खाली स्थान पर पेड़ अवश्य लगाएं, साथ ही उसकी देखभाल करना ही जरूरी है, तभी वृक्षारोपण सार्थक होगा। परम सत्य परमात्मा की अनुभूति के लिए उन्होंने साथ अपने आप को आत्मसात करना होगा । संत पूर्णेन्द्र साहब ने कहा कि कबीर साहब इस धरा धाम में 600 वर्ष पूर्व समाज को सत्य का मार्गदर्शन करने के लिए अवतरित हुए। वह मानवतावादी सिद्धांतों के पक्षधर थे, तथा जीवन में अंधविश्वास छुआछूत पर भी बहुत निंदा की यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी डा दीनदयाल साहू ने दी।

ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा की मनाई गई पुण्यतिथि

भिलाई, 25 जून। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी मातेश्वरी जगदंबा की 59 वीं पुण्यतिथि सभी सेवाकेंद्रो में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में प्रातः अमृतवेले ब्रह्ममूहूर्त से ही सभी मौन में रहकर राजयोग का अभ्यास किया। राजयोग सत्र के पश्चात् मातेश्वरी जगदम्बा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने मातेश्वरी जी के जीवन से संबंधित संस्मरण सुनाकर सभी को उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मातेश्वरी जी वात्सल्य की मूर्ति होने के साथ ही दैवीय गुणों से सम्पन्न थी। उन्होंने एक माँ की तरह से ब्रह्मा वत्सों की निस्वार्थ पालना की। उनके जीवन के हर कर्म,बोल,व्यवहार में शिक्षा समाई हुई थी। उनके जीवन में अपनाए गए सिद्धान्त आज संस्था के लिए प्रमुख सूत्र बन चुके हैं जिसके आधार पर ब्रह्माकुमारी संस्था का संचालन किया जाता है। परमपिता परमात्मा शिवबाबा को मातेश्वरी जगदंबा के निमित्त भोग स्वीकार कराया गया। जिसके बाद में सभी में ब्रह्माकुमारी बहनों ने एवं ब्रह्मावत्सो ने संगठित रूप से शक्तिशाली राजयोग मौन साधना द्वारा मातेश्वरी जगदम्बा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने का दृढ़ संकल्प किया।

इस्को स्टील प्लांट में सेल के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट का उद्घाटन

भिलाई, 25 जून। सेल के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट का उद्घाटन 22 जून को इस्को स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर में निदेशक प्रभारी (बर्नपुर और दुर्गापुर स्टील प्लांट) बी पी सिंह द्वारा किया गया। 4 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला यह फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम इस्को स्टील प्लांट-आईएसपी के ग्रीन एनर्जी उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 4 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करने की संयंत्र की क्षमता आईएसपी के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार लाएगी। फ्लोटिंग सोलर पैनल की डिजाइन के कई लाभ हैं, जैसे कि इसकी उच्च दक्षता, जल बचाव एवं ऊर्जा बचत आदि। फ्लोटिंग सोलर प्लांट, आईएसपी के कार्बन उत्सर्जन को भी प्रति वर्ष लगभग 5452 टन कम करने में मदद करेगा। ज्ञात हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने भी एनटीपीसी-सेल पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) के साथ 15 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए हल ही में पीपीए साइन किया है। इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर में फ्लोटिंग सोलर प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि सूर्य की सौर उर्जा का उपयोग करके यह संयंत्र स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने के साथ जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता और हमारे कार्बन फुटप्रिंट को भी कम करेगा। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और एनएसपीसीएल के बीच 9 मई को विद्युत खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह संयंत्र, बीएसपी के मरोदा-1 जलाशय में स्थापित किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ राज्य का पहला फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र होगा। अनुमान है कि इस संयंत्र से सालाना 34.26 मिलियन यूनिट ग्रीन विद्युत का उत्पादन होगा। जिसका उपयोग बीएसपी अपनी कैप्टिव विद्युत जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगा। इससे बीएसपी के कार्बन उत्सर्जन में सालाना 28,330 टन की कमी आने की सम्भावना है। एनएसपीसीएल, जो एनटीपीसी और सेल का एक संयुक्त उद्यम है, इस परियोजना के लिए परामर्शदाता के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना को वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बीएसपी के इस परियोजना के तहत अगले चरण में एनएसपीसीएल के माध्यम से, 35 मेगावाट क्षमता वाले अतिरिक्त फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना प्रस्तावित है।

राहगीरों के सूखे गले तर करने वाले सिख परिवार की समस्या हल की विधायक ने

भिलाई, 25 जून। इस्पात नगरी भिलाई के टाउनशिप में गैरेज रोड से जेपी चौक तक हर गर्मी में पिछले 60 से 65 वर्षो से प्याऊ घर संचालित कर राहगीरों के सूखे गले को तर करने वाला सिख परिवार वर्षो से गर्मी में दूर दूर से पानी की व्यवस्था कर न केवल प्याऊ घर के घड़े को भरता बल्कि इस प्याऊ से दुर्ग भिलाई रायपुर सहित हर आने जाने वाले को पानी पिला कर जनसेवा के अपने संकल्प को सफल करने जुटा दिखाई पड़ता है। इस परिवार ने पेयजल संकट के समय भी प्याऊ घर के एक भी घड़े को सूखने नहीं दिया है। ऐसा नहीं है कि इस परिवार ने पानी के लिए पहले कभी कहीं दरख्वास्त नहीं दी, कई आवेदन निवेदन हुए लेकिन वर्षो से किसी न किसी नियमों का हवाला दे जिम्मेदार यहां बोरिंग या अन्य व्यवस्था से अपना पल्ला झाड़ते रहे। नतीजतन इस बार भी गर्मी में सिक्ख परिवार को दूरदराज की बोरिंग से कैन में पानी भर कर अपनी वैन से प्याऊ घर लाना पड़ा। जेपी चौक से पावर हाऊस जाते समय वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की नजर जब इस प्याऊ घर पर पड़ी तो उनके बचपन की यादें ताजा हो गई नतीजतन अपनी गाड़ी रुकवा कर जब वो प्याऊ पर रूक पानी पीने लगे तो बातों ही बातों में प्याऊ घर पर मौजूद वही वृद्ध सरदारजी दिखाई पड़े जो रिकेश सेन के एग्जाम सेंटर भिलाई विद्यालय जाने के दौरान अक्सर प्याऊ घर में खड़े मिलते थे। विधायक को प्याऊ में रूका देख सरदारजी भी उनसे मिले और आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटा पानी के लिए अब भी बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वहां से लौट विधायक कार्यालय पहुंचे विधायक रिकेश ने तत्काल निगम के अधिकारी को फोन लगाया और आज शाम तक बोरिंग करने के निर्देश दिए। हमेशा की तरह नियम कायदों और बीएसपी एनओसी की बात को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारी ने पुनः इनका हवाला जरूर देना चाहा मगर अपने फौरी एक्शन के लिए मशहूर वैशाली नगर विधायक ने अधिकारी को शाम तक बोरिंग हो जाने का अल्टिमेटम भी दे ही डाला। फिर क्या आज शाम तक सेक्टर-2 में सिक्ख परिवार के प्याऊ घर के लिए बोरिंग तैयार हो गया है।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

भिलाई । भिलाई नगर थाना क्षेत्र एक युवक घर से कार चलाकर रिसाली के सेंट थॉमस कॉलेज वाली सड़क पर आया और फिर किनारे के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की नजर पेड़ पर फंदे के सहारे लटकती हुई लाश पर पड़ी तो सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पुलिस विभाग से रिटायर्ड हवलदार रविन्द्र पाण्डेय के पुत्र जीत उर्फ जीतेंद्र पाण्डेय (32 वर्ष) विद्युत नगर दुर्ग निवासी के रूप में हुई है। भिलाई नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि जीत उर्फ जीतेंद्र पाण्डेय आज सुबह अपनी कार सीजी 05 एम 1111 में सुबह 5 बजे घर से निकला। सुबह 6 बजे के आसपास मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने रिसाली के सेंट थॉमस कॉलेज होकर बोरसी की ओर जाने वाली सड़क किनारे पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकती हुई जीतेंद्र पाण्डेय की लाश देखी। सूचना पर भिलाई नगर पुलिस ने पहुंचकर लाश को नीचे उतारा। पहचान होने पर परिजन भी पहुंच गए। बताते हैं जीतेंद्र विवाहित है और उसके दो छोटे बेटे हैं। फिलहाल उसके खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

दुर्गा मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए महापौर ने आयुक्त व सभापति के संग किया भूमिपूजन

दुर्ग,25 जून। नगर पालिक निगम मुख्यालय स्थित माता दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव एवं एमआईसी सदस्य,पार्षद व अधिकारी/कर्मचारी संग भूमि पूजन किया.बता दे कि समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार किया जायेगा.पंडित अमन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार बीच भूमि पूजन कराया, समिति के सदस्यों ने बताया की निगम मुख्यालय स्थित माता दुर्गा मंदिर परिसर में आज मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन हुआ.बता दे कि मंदिर करीब 50 से अधिक वर्षों पुराना इस मंदिर का जीर्णोद्धार का बीड़ा समिति के सदस्यों ने उठाया है.भूमि पूजन के मौके पर आयुक्त लोकेशचन्द्राकर,सभापति राजेश यादव,अब्दुल गनी,संजय कोहले,दीपक साहू,भोला महोविया,जमुना साहू,नीता जैन,ज्ञानदास बंजारे,निर्मला साहू, गुड्डू यादव,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,दुर्गेश गुप्ता,शुभम गोइर,लता यादव,हेमलता वर्मा,साक्षी वर्मा के अलावा आदि मौजूद रहें।

पीएम स्वनिधि योजना के योग्य प्रकरणों को सप्ताह के भीतर करें स्वीकृत : राजपूत

भिलाई-चरौदा, 25 जून। नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय में सप्ताह के प्रथम कार्य दिवस सोमवार दिनांक 24.06.2024 को पी.एम. स्वनिधि योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने क्षेत्र में संचालित समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी पी.एम. स्वनिधि योजना के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें । उल्लेखनीय है कि निगम के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना विभाग द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन किया जाता है। इस योजना में स्ट्रीट वेन्डर्स को 10,000.00 रु. तक ऋण बैंक शाखाओं द्वारा अपना व्यापार आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। हितग्राही द्वारा प्रथम बार प्राप्त ऋण राशि रू. 10,000.00 को समय पर भुगतान किये जाने की स्थिति में बैंक द्वारा दूसरी बार 20,000.00 रू. एवं तीसरी बार राशि 50,000.00 रु. तक ऋण पी.एम. स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रदान किये जाने का प्रावधान है। बैठक में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के प्रबंधक आदित्य भटनागर, सामुदायिक संगठक श्रीमती कुंती वर्मा, सामुदायिक संगठक श्रीमती सुषमा पाण्डेय, सामुदायिक संगठक यशवंत सिंह राजपूत के अलावा भारतीय स्टेट बैंक चरौदा शाखा से सुमित सिंह, भारतीय स्टेट बैंक भिलाई 03 से सतीश कुमार कश्यप, बैंक ऑफ इंडिया भिलाई 03 से श्रीमती रत्ना, आई.डी.बी.आई. बैंक भिलाई 03 से प्रभात सिंह, एच.डी.एफ.सी. बैंक भिलाई 03 से रूसी मरकाम, छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक चरौदा से अभिषेक गुप्ता, कैनरा बैंक चरौदा से श्रीमती अंशिका, यूनियन बैंक भिलाई 03 से अखिलेश नेताम बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

रौनक

छत्तीसगढ़ी सिनेमा ने लौटाई टाकीज की रौनक

भिलाई, 25 जून। अच्छी फिल्म हो दर्शकों की कोई कमी नहीं। मौर्य टाकीज में लगी छत्तीसगढ़ी फिल्म देखने अच्छी संख्या में दर्शक पहुँच रहे हैं। बहुत दिनों बाद टाकीज में रौनक देखने को मिल रही है। यहाँ तक तक की टिकट खरीदने और सीट पाने के लिए लम्बी लाइन लग रही है और इसके लिए दर्शकों में मारामारी है।

मोरा-बोरई के बीच स्थित ईंट भट्टे को हटाने कलेक्टर से लगाई गुहार

दुर्ग, 25 जून । जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 170 आवेदन प्राप्त हुए।ग्राम खम्हरिया वासियों ने नलों से गंदे पानी आने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पिछले सात महीनों से वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19 एवं 20 में नल की पाईप लाईन फट जाने से गंदे पानी का रिसाव होने के कारण घरों के नलों में गंदा पानी आ रहा है।

बीएसपी के शास्त्रीय संगीत संध्या में सितार सम्राट ने बांधा समां

भिलाई, 25 जून। भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 22 जून को महात्मा गाँधी कला मंदिर सिविक सेंटर में, विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। शास्त्रीय संगीत संध्या में, मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक नीलाद्री कुमार और कोलकाता से तबला वादक रूपक भट्टाचार्य ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता अपनी पत्नी अध्यक्ष भिलाई महिला समाज श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता

एवं निदेशक (आईआईएम रायपुर) प्रो. राम कुमार काकानी अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे। शुरुआत में नीलाद्रि कुमार तथा रूपक भट्टाचार्य को विशेष अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इनकी विविध बानगियों की प्रस्तुतियों का आनंद लेने के लिए ऑडिटोरियम संगीत प्रेमियों भारी भीड़ से भरा हुआ था। इस आयोजन में नीलाद्री कुमार के साथ कोलकाता के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक रूपक भट्टाचार्य संगतकार थे। संगीत संध्या में सितार सम्राट नीलाद्री कुमार ने अपने सितार की झंकार से बेहद चर्चित धुन व राग-रागिनियों को सम्मोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। अतिथियों ने नीलाद्रि कुमार द्वारा प्रस्तुत सितार वादन का आनंद लिया, जिसमें रूपक भट्टाचार्य ने तबले पर संगत की, जिसकी शुरुआत शाम के राग तिलक कामोद तथा राग-तोड़ी के गायन से हुई। नीलाद्रि कुमार ने भी ज़िटार पर मधुर प्रस्तुति दी। नीलाद्रि कुमार और रूपक भट्टाचार्य की संगीत प्रस्तुतियां देर रात तक जारी रहीं कलाकारों से दर्शकों से खूब तालियां बटोरी और ऑडिटोरियम तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि सितार सम्राट नीलाद्रि कुमार ने वाद्य संगीत में वर्षों के प्रयोगों के बाद एक अद्वितीय फ्यूजन वाद्य %ज़िटार% का आविष्कार करके हिंदुस्तानी शास्त्रीय और पश्चिमी संगीत के मिश्रण को प्रचलन में लाया है, जो भारतीय शास्त्रीय तार वाद्य सितार और पश्चिमी तार वाद्य गिटार का संयोजन है।

समाज में शांति के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है छत्तीसगढ़ सरकार: मुख्यमंत्री

रायपुर 25 जून। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार हर समाज में शांति एवं सद्भावना बनाये रखने के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है। सरकार के इस कार्य को अंजाम देने में शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले सनतानमी समाज का भी पूर्ण सहयोग है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज शाम यहां राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राजागुरु धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब जी के नेतृत्व में आये सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेश भर से आये सतनामी समाज के राजमहन्त भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सतनामी समाज इस घटना को लेकर बहुत दुखी है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होंने इस दौरान समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि निर्दोष लोगों को किसी भी तरह से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा, लेकिन जो दोषी पाए जाएंगे उन्हें किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन- प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पूर्णतः न्यायसंगत होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कहा कि इस घटना में कोई निर्दोष ना फंसे इसके लिए भी शासन-प्रशासन पूरी तरह से सजग है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सरकार की ओर से राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा की अध्यक्षता में समिति गठित है। इस समिति के समक्ष निर्दोष लोगों के बारे में समाज द्वारा जानकारी दी जा सकती है ताकि ऐसे व्यक्ति जो घटना में संलिप्त नहीं हैं, उनपर कोई कार्यवाही ना हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक स्वर से कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शांति एवं सद्भावना बनाये रखने के लिए किए जा रहे कार्यों में समाज की पूर्णतः सहभागिता है और आगे भी रहेगी। उनके द्वारा बताया गया कि सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास का अनुयायी है और यह सदैव से एक शांतिप्रिय समाज रहा है। सतनामी समाज इस घटना की कड़ी निंदा करता है । घटना को असमाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया है इसमें समाज की कोई संलिप्तता नहीं है। समाज मे इस घटना को लेकर गहरा दुख है। हम चाहते हैं कि जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना होने पाए। इस अवसर पर सतनामी समाज से राजमाता गुरुमाता प्रवीण माताजी, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब सहित राजमहन्त श्री जैत कुमार सतनामी, राजमहन्त श्री अनूप सतनामी, राजमहन्त श्री कामता प्रसाद, राजमहन्त श्री कुंजन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

एक नजर

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 जुलाई तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव 25 जून। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 25 जून को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हास्पिटल परिसर शंकरपुर में, 26 जून को डॉ.भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में व गौरीनगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरीनगर में तथा 27 जून को बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी.मिल में एवं टा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये टा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह मई 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

घुमका पुलिस ने जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत की कार्रवाई

राजनांदगांव 25 जून। आदरणीय पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगाव श्री दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन मे घुमका पुलिस के द्वारा दिनांक 23/06/2024 को मुखबिर सूचना पर ग्राम कलडबरी व बरबसपुर के मध्य पहाड़ी पर आरोपियों के द्वारा सर्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पाए जाने पर आरोपियों के पास और फड़ से कुल 5,000 रूपये नगद तथा 52 ताश पत्ती, 01 सेंट्रो कार, 01 नग हीरो हौंडा एसएस, 05 नग मोबाइल सेट कुल कीमती 1,02,520 रूपये जप्त किया गया आरोपियों के विरुद्ध थाना घुमका में अपराध क्रमांक 93 /2024 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की गयी।

श्री रामलला दर्शन लिए 26 जून को रवाना होंगे जिले के 93 तीर्थयात्री

राजनांदगांव 25 जून। राजनांदगांव जिले के 93 तीर्थयात्रियों का दल 26 जून 2024 को श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए रवाना होंगे। चयनित तीर्थयात्रियों को दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा तथा यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की 29 जून 2024 को देर रात रेलवे स्टेशन पर वापसी होगी। तीर्थयात्रियों को 26 जून 2024 को सुबह 8 बजे जिला पंचायत भवन राजनांदगांव से रेलवे स्टेशन दुर्ग के लिए रवाना किया जाएगा। तीर्थ यात्रियों को सुबह 8 बजे के पूर्व जिला पंचायत भवन राजनांदगांव पहुंचने का आग्रह किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि श्री रामलला दर्शन (आयोध्य धाम) दर्शन के लिए निकायों से प्राप्त सूची अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव से 18 यात्री, जनपद पंचायत डोंगरगांव से 17 यात्री, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से 16 यात्री, जनपद पंचायत छुरिया से 18 यात्री, नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 7 यात्री, नगर पंचायत डोंगरगांव से 5 यात्री, नगर पंचायत छुरिया से 5 यात्री, नगर पालिका डोंगरगढ़ से 5 यात्री एवं 2 अनुरक्षक (एस्कार्ट) शासकीय कर्मचारी सहित कुल 93 यात्रियों को भेजा जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण के सहायक ग्रेड-3 श्री सुनील कुमार चूरेन्द्र एवं उप संचालक पंचायत के सहायक ग्रेड-3 श्री लोकेश्वर सिन्हा की अनुरक्षक (एस्कार्ट) के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। श्री लोकेश्वर सिन्हा का मोबाईल नंबर 7987680662 है।

रेत तस्करी में लगे वाहनों पर कार्रवाई

डोंगरगढ़ 25 जून। रेत तस्करी में सियासत गरमाने के बावजूद रेत तस्करों के हौसले बुलंद है और चोरी करने से बाज नहीं आ रहे है। इसी कड़ी में 23 जून 2024 को राजस्व टीम को सूचना मिली की पारगाँव कला क्षेत्र की नदी के किनारे से रेत का परिवहन हो रहा की शिकायत के बाद राजस्व टीम ने छापामार कार्यवाही में एक सोल्ड जेसीबी व एक सोल्ड हाइवा (10 चक्का) की गवाहों के समक्ष जप्ती बना डोंगरगढ़ थाना प्रभारी की ओर से उपस्थित उपनिरीक्षक राजेश कुमार के के सुपुर्द किया है।

कार्यशाला में फार्मासिस्टों को सामयिक बदलाव के लिए दी गई जानकारी

■ ऑनलाईन पंजीयन की जल्द शुरुआत होगी, फार्मसिस्ट्स को मिलेगा फायदा
राहुल तिवारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 25 जून। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। 23 जून को राजनांदगांव के संसकार सिटी कालेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जुटे फार्मासिस्ट्स को वक्ताओं ने सामयिक बदलावों के साथ ही विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

एकदिवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वंतरि, मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती की वंदना एवं राजकीय गीत गाकर किया गया। कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए अविभाजित राजनंदगांव जिले के कोने-कोने से फार्मासिस्ट एवं केमिस्ट कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पांडे सम्मिलित हुए। सांसद संतोष पांडे ने कहा मैं खुद फार्मासिस्ट परिवार से आता हूं और फार्मासिस्ट बुलाएं और मैं वहां ना आऊं ऐसा हो नहीं सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने की। अध्यक्ष श्री मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ में रहने वाले फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन के लिए कार्यशाला सभी जिलों में करने की तैयारी है। इसी तारतम्य में यह कार्यशाला राजनांदगांव जिले में रखी गई है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव जिले के फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन करना है। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया की काउंसिल के अध्यक्ष, रजिस्ट्रार सभी सदस्यों के साथ मिलकर फार्मासिस्टों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रहा है। बहुत जल्द फार्मासिस्टों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल प्रारंभ करने वाला है जिससे सभी फार्मेसिस्ट घर बैठे अपना पंजीयन ऑनलाइन कर सकेंगे।

काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने सफल आयोजन के लिए संस्कार सिटी कॉलेज आफ फार्मेसी, राजनांदगांव जिला दवा संघ सहित सभी फार्मासिस्टों को धन्यवाद दिया। खाद्य एवं औषधि उपसंचालक प्रशासन बसंत कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दवाइयां के रखरखाव, नियम कानून संबंधित टिप्स दिए। कार्यक्रम में फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन के लिए वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन महासचिव अविनाश अग्रवाल ने नारकोटिक्स ऐंड साइक्रोपिक ड्रग लिस्ट ऐंड प्रीकॉशंस विषय पर, संजय सिंह झाडेकर (एडीसी) बेसिक ऐंड लेटेस्ट अपडेट इन एफडीए रिलेटेड टू ड्रग स्टोर विषय पर, डॉ अमित रॉय प्रिंसिपल एवं प्रोफेसर सीएसआईटी दुर्ग की फार्मा (प्रैक्टिस) कोर्स, एन ऑप्शन टू अपग्रेड क्वालिफिकेशन ऑफ डी फार्मा विषय पर व्याख्यान दिये।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य विजय पारख, निकेश देवांगन, पीसीआई प्रतिनिधि डॉ आनंद महलवार, सदस्य परमानंद पटेल, छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के उपाध्यक्ष विनोद चंद्राकर, रॉयल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी रायपुर के डायरेक्टर तोशन चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजनांदगांव जिला दवा संघ के पूर्व अध्यक्षद्वय दशरथ शर्मा एवं अतुल जैन ने किया। कार्यक्रम के समापन में संस्कार सिटी कॉलेज आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ टी कुमार ने कार्यशाला में सम्मिलित सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी फार्मासिस्टों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यशाला को लेकर फार्मासिस्टों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

जल भराव होने की जानकारी मिलते ही तत्काल टीम भेजकर समस्या हल करवाएं: आयुक्त

रायपुर 25 जून। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड अथवा स्थान पर मानसून के दौरान जलभराव की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल वहां टीम भेजकर सफाई कार्य करवाकर जल भराव की समस्या को प्राथमिकता से दूर करवाना सुनिश्चित करे, ताकि नागरिको को मानसून के दौरान असुविधा का सामना ना करना पड़े।

आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, डॉ. आर.के. डोंगरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री विरेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में जोन 2 के तहत माता सुन्दरी फाउंडेशन खालसा स्कूल के सामने चैक और राजातालाब में केनाल लिंकिंग रोड क्षेत्र में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में विगत दिवस हुई बारिश के दौरान सडक में जलभराव की समस्या की स्थिति का निरीक्षण किया। उक्त स्थल पर किनारे विद्युत पावर कंपनी द्वारा अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य प्रगति पर है। जल भराव की समस्या आने पर जोन 2 ने खालसा स्कूल के सामने एवं जोन 4 ने राजातालाब केनाल लिकिंग रोड में सफाई करवाकर जल भराव की समस्या को निकासी करके दूर करवा दिया।

आयुक्त ने मानसून के दौरान मॉनिटरिंग करके नाले, नालियों सहित निचली बस्तियों में साफ सफाई की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया है। आयुक्त ने अधिकारियों को सभी निर्माण एवं विकास कार्यो को तय समय सीमा के भीतर तेजी से जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्य तेजी से पूर्ण करने के संबंध में निर्देश दिये। आयुक्त ने सडक पर रखी भवन निर्माण सामग्रियों को जप्त कर संबंधित भवन स्वामियों पर नियमानुसार सड़क बाधा शुल्क लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कब्जा मुक्त करवाया

रायपुर 25 जून। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव के निर्देशानुसार जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 के जरवाय क्षेत्र में नगर निगम द्वारा शासकीय भूमि पर जनहित में जनसुविधा विस्तार हेतु निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के समीप लगभग 1000 वर्गफीट क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किये गये अवैध कब्जे एवं बनायी गयी डीपीसी को थ्रीडी मशीन और श्रमिको की सहायता से अभियान चलाकर तोडने एवं शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने की कार्यवाही जनशिकायत सही मिलने पर त्वरित रूप से जोन के स्तर पर की गई।

एचडीएफसी बैंक ने कान्स लायंस में सिल्वर जीता

रायपुर 25 जून।भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने विजिल आंटी-एंड ऑफ स्कैम सेल (ईओएसएस) अभियान के लिए कान्स लायंस 2024 में सिल्वर जितने की घोषणा की है। अभिनेत्री नोरा फतेही और विजिल आंटी ने इस सोशल मीडिया अभियान में अभिनय किया है। इस अभियान ने अब तक 28 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंच और 22 मिलियन से अधिक व्यू प्राप्त किए हैं। विजिल आंटी एक काल्पनिक सोशल मीडिया चरित्र है जिसे एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बनाया है। एचडीएफसी बैंक ने अपने ईओएसएस अभियान के हिस्से के रूप में अभिनेत्री नोरा फतेही की स्टार पावर का उपयोग धोखेबाजों के तौर-तरीकों को दोहराने और लोगों को इस बात से अवगत कराने के लिए किया कि कैसे कोई आसानी से डीपफेक और धोखाधड़ी के लिए अतिसंवेदनशील हो सकता है। बैंक ने एक नकली ब्रांड बनाया और दर्शकों को लुलुमेलॉन के लिए एक इंस्टाग्राम पेज बनाकर इसकी वैधता पर विश्वास दिलाया, जिससे वह रोमांचक ऑफ़र और डील के साथ एक वास्तविक ब्रांड की तरह लगने लगा। इस अभियान को इवेंट्स एंड स्टंट्स के बेहतरीन उपयोग के लिए प्रतिष्ठित कान्स लायंस में मान्यता दी गई। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और हेड - डायरेक्ट टू कंज्यूमर बिजनेस, रवि संथानम ने कहा,हमारे धोखाधड़ी जागरूकता अभियान के लिए कान्स लायंस जीतना इस मुद्दे के बारे में जागरूकता फैलाने की हमारी प्रतिबद्धता को और बढ़ाता है।

सामाजिक बंधुओं की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण

शिक्षक नगर में बने आम्बेडकर मंगल भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 25 जून। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 12 के शिक्षक नगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 25.00 लाख रूपये की लागत से रमा आई डॉ आम्बेडकर परिसर में आम्बेडकर मंगल भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक सक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, जिला योजना समिति के सदस्य व वार्ड पार्षद श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, प्रभुद्ध सर्वोदय मण्डल के अध्यक्ष श्री छोटेलाल रामटेके, महिला अध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या मेश्राम विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि, वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण की बहुत पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हुयी। उन्होंने कहा कि रमाआई डॉ आम्बेडकर परिसर शिक्षक नगर का एकमात्र बड़ा परिसर है, जहाँ विभिन्न आयोजन होते है अब भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि आम्बेडकर समाज बड़ा समाज है, जो एकजूट होकर कार्य करते है, इसी प्रकार एकजूट होकर समाज के हर व्यक्ति के हित में कार्य करे। जिससे समाज का विकास होगा। उन्होंने भवन में अन्य सुविध के लिये प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने का आश्वासन दिया।

पार्षद श्री डोंगरे ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर महापौर श्रीमती देशमुख की अनुशंसा पर शासन द्वारा 25 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिससे आम्बेडकर मंगल भवन का निर्माण किया गया, उन्होंने कहा कि 4 कमरे, हॉल का सर्व सुविधायुक्त भवन बना है, जिसका उपयोग समाज एवं वार्डवासियों द्वारा विभिन्न आयोजनों के लिये किया जायेगा। आम्बेडकर परिसर के अन्य मांगों को पूरा करने मैं महापौर से निवेदन करता हूँ। कार्यक्रम के पूर्व में समाज के चंद्रिका वैद्धे, धनराज वैध, राजकुमार रामटेके, मनोज रामटेके, महेन्द्र बंसोड़, बलिराम रंगारी, प्रभा सुखदेवे, रोशन सुखदेवे, खेलन वाल्दे, कुणाल बोरकर, संदीप कोल्हाटकर ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने डॉ. आम्बेडकर एवं भगवान बुद्ध की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

पहले जो परिसीमन हुआ था क्या शासन की गाइड लाइन का पालन किया गया था:दुबे

रायपुर 25 जून। नगर निगम 70 वार्डों के परिसीमन की अधिसूचना जारी होने के बाद महापौर एजाज ढेबर का परिसीमन के विरोध पर भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने महापौर ढेबर से पूछा है कि 2019 में जब कांग्रेस की प्रदेश में सरकार थी और जो परिसीमन उस समय नगर निगमो का हुआ था खासकर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में तब क्या शासन के गाइड लाइनो का पालन किया गया था , क्योंकि उस समय परिसीमन का एक महत्वपूर्ण बिन्दु जिसमें सभी 70 वार्डों में मतदाताओं की संख्या एकसमान बराबर रखा जाना तय हुआ था उसके अनुसार ही परिसीमन होना था । तो फिर 2019 के परिसीमन के बाद रायपुर नगर निगम के मदर टेरेसा वार्ड में केवल 6 से 7 हजार मतदाता है , दूसरी ओर पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में 16 से 17 हजार मतदाताओ की संख्या कैसे है । यह 2019 का परिसीमन वार्डों के भौगोलिक सीमा में परिवर्तन करते हुए किया गया था , प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय 2019 मे जब परिसीमन हुआ इससे पहले पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में 10 हजार ही मतदाता थे । सुन्दर नगर से लगे हुए कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड को 2019 के परिसीमन में समाप्त करते हुए पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में समायोजित करते हुए मतदाताओं की संख्या बढ़ा दी गई थी । तब 2019 में हुए परिसीमन के बाद भी आधे दर्जन से ज्यादा वार्डो में मतदाताओं की संख्या 15 हजार से अधिक है तो दूसरी ओर आधे दर्जन से ज्यादा वार्डों में 6 हजार से 9 हजार के बीच ही मतदाताओं की संख्या है , यह 2019 के परिसीमन की विषंगति है । इसलिए वर्तमान में 2024 के नगर निगम चुनाव के पूर्व परिसीमन आवश्यक है जिसमें सभी 70 वार्डो में मतदाताओं की संख्या एकसमान बराबर रहना चाहिए ।

चंद्रयान-3 विश्व कीर्तिमान किताब का विमोचन

रायपुर 25 जून। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल चंद्रयान -3 विश्व कीर्तिमान किताब का विमोचन एवं सम्मान समारोह आज 23.जून को । वृंदावन हाल रायपुर में सम्पन्न हुआ । इस पुस्तक का सम्पादन श्रीमती उर्मिला देवी उर्मि एवं डॉ आशा आजाद कृति द्वारा किया गया है। इसमें विश्व स्तर के 123 साहित्यकारों की रचनाओं को सम्मिलित किया गया है ऑस्ट्रेलिया से 01,अमेरिका से 01,भारत के अन्य राज्यों से 21 एवं छत्तीसगढ़ से 100 साहित्यकारों की रचनाएं शामिल है । अति विशिष्ट अतिथि महंत डॉक्टर रामसुंदर दास ने कहा चंद्रयान विषय पर कविता संकलन के संपादन एवं प्रकाशन द्वारा उर्मिला देवी एवं डॉ आशा आजाद ने इतिहास रच दिया है जिसके लिए बहुत बधाई। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुशील त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैज्ञानिक उपलब्धियो पर इस प्रकार के काव्य संग्रह के प्रकाशन का यह अद्भुत प्रयास एवं प्रथम प्रयास है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इसी कार्यक्रम में डॉक्टर सुधा देवांगन की पुस्तक - सुचि समरस भाव , डा. लुनेश वर्मा की चार पुस्तको खिलता पुष्प , राम अपने धाम ,जीवन एक नदियां है और तिरिछ तथा डॉ.आशा आजाद की पुस्तक- आशा की सुपुष्पित अभिव्यक्ति का विमोचन भी हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर आशा आजाद ने किया।

मोटर साइकिल को आग लगाकर क्षति पहुंचाने वाले को भेजा गया जेल

डोंगरगढ़ 25 जून। प्रार्थी शंभूलाल साहू पिता ढेलूराम साहू उम्र 49 साल निवासी संजय नगर लखोली राजनांदगांव का थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.06.24 को इसका भांजा पवन साहू एवं जागेश्वर साहू द्वारा अपनी मोटर सायकल क्रमांक सी0जी0 08 व्ही 2637 एवं मोटर सायकल क्रमांक सी0जी0 07 ए एम 8662 कीमती करीबन 40000 रूपये को खडी कर अपने काम से चले गये थे। कि दिनांक 21.06.24 के रात्रि 23:00 बजे 22.06.24 के रात्रि मे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दोनो वाहनो मे आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 368/24 धारा 435 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु घटना स्थल रवाना किया गया। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही के फुटेज को खंगाला गया, फुटेज मे मिले क्लू के आधार पर एवं मुखबीर की सूचना पर अज्ञात आरोपी को ज्ञात कर आरोपी गोपाल सिन्हा पिता किसुन सिन्हा उम्र 34 साल साकिन संजय नगर लखोली थाना सिटी कोतवाली जिला राजनांदगांव को तलब कर पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया गया। प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का कृत्य से प्रार्थी एवं आसपास के लोगो मे आरोपी के प्रति रोष व्याप्त होने से आज दिनांक 24.06.24 को धारा 151 जा0फौ0 के तहत गिरफ्तार कर धारा 107, 116(3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर माननीय कार्यपालिक मजिस्टेट के न्यायालय मे पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, प्र0आ0 शंभूनाथ द्विवेदी, आरए रंजीत चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

संपादकीय

संसद के ऐतिहासिक सत्र में टकराव न हो तो अच्छा

18वीं लोकसभा का मानसून सत्र ऐतिहासिक है। ऐतिहासिक इस मायने में है कि साठ साल बाद कोई नेता तीसरी बार पीएम बना है। तीसरी बार किसी गैर कांग्रेसी सरकार को लगातार बहुमत मिला है।पं. जवाहर लाल नेहरू के बाद पीएम मोदी तीसरी बार पीएम बनने वाले दूसरे नेता हैं।अब तक कांग्रेस के नेता पं. जवाहर लाल नेहरू की देश के एकमात्र ऐसे नेता थे जो तीन बार लगातार पीएम बने थे। अब भाजपा नेता नरेंद्र मोदी उनके समकक्ष नेता हो गए हैं।वही बात कांग्रेस को सबसे नागरवार गुजरी है कि नरेंद्र मोदी जैसा नेता पं. नेहरू की बराबरी कैसे कर सकता है। कांग्रेस तो २०१४ व २०१९ में भी नहीं चाहती थी कि नरेंद्र मोदी पीएम बने, उनकी जगह कोई भी बन जाता वह कांग्रेस को मजूर होता। लेकिन नियति का खेल गजब का है कि कांग्रेस ने तीन बार चाहा कि नरेंद्र मोदी पीएम न बने और तीनों ही बार नरेंद्र मोदी ही पीएम बने। जब नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मुझे परमात्मा ने इस देश में कुछ काम करने के लिए चुना है वह इसी नियति की ओर इशारा करते हैं, कुछ लोग इसका भले की मजाक उड़ा लें, लेकिन इस देश में मान्यता है कि नियति से लड़ा नहीं जा सकता। कांग्रेस और विपक्ष के कुछ नेता यही करने का प्रयास कर रहे हैं और हर बार हार जाते हैं और हर हार के बाद उनकी खीज बढ़ जाती है। इसी खीझ के कारण विपक्ष कि वह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने से रोक नहीं सका, वह पीएम मोदी को पद से नहीं हटा सकते इसिलए उनकी कोशिश २०१४,२०१९ की तरह ही १९२४ में यही होगी कि संसद के भीतर मोदी सरकार को काम न करने दिया जाए। उनके हर काम को, हर कदम को गलत बताया जाए, संसद व बाहर हगामा किया जाए। १८ वीं लोकसभा के शुरू होने के पहले ही कांग्रेस व विपक्ष ने अपने बयानों के जरिए संकेत दे दिया था वह सरकार के साथ सहयोग के बजाय टकराव के रास्ते पर ही चलेंगे। प्रोटेम स्पीकर का पद कोई बड़ी बात नहीं होती है। इसका चयन महज दो दिन के लिए नए चुने गए सांसदों को शपथ दिलाने के लिए चुना जाता है। कांग्रेस व विपक्ष चाहते थे प्रोटेम स्पीकर उसी को बनाया जाए जिसे वह चाहते हैं। सरकार अगर बना देती तो वह कहते देखों हम कह रहे थे कि यह सरकार कमजोर है। सरकार ने नहीं बनाया तो विवाद शुरू कर दिया कि नियम का पालन नहीं किया गया. दलित होने कारण के. सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया नहीं गया। कांग्रेस भूल जाती है कि उसने भी तो १९८४ में विपक्ष का डिप्टी स्पीकर बनाया था, अपने सहयो अदर्मुक का डिप्टी स्पीकर बनाया था। सरकार ने अपना प्रोटेम स्पीकर बनाने के साथ तीन लोगों को और चुना। बताया जाता है कि तीनों ने नाम वापिस ले लिया है।इसके बाद कांग्रेस व विपक्ष ने कोशिश की कि भाजपा का स्पीकर न बने। इसके लिए उसने भाजपा के ही सहयोगी दल को आफर दिया कि अगर टीडीपी अपना स्पीकर बनाना चाहती है तो कांग्रेस और विपक्ष उनका सहयोग करने को तैयार है। इसका मकसद कुछ और नहीं भाजपा का स्पीकर न बनने देना था।२६ को स्पीकर का चुनाव होना है। कांग्रेस व विपक्ष तो नहीं चाहेंगे कि भाजपा का स्पीकर शांति से चुन लिया जाए वह कुछ न कुछ अडंगा तो डालेंगे ही। हो सकता है कि अपना प्रत्याशी खड़ा कर दें। कांग्रेस व विपक्ष यह भी चाहते हैं कि स्पीकर नहीं तो डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाए। वह दावा करते हैं कि परंपरा के अनुसार तो डिप्टी स्पीकर का पद तो विपक्ष को ही मिलता है। इस बार विपक्ष की सीटें कुछ बढ़ गया है, इससे वह उत्साहित नहीं अतित्साहित है। वह ऐसा व्यवहार कर रहा है जैसे जनादेश उसे मिला है, मोदी सरकार को नहीं मिला है। वह भूल जाता है कि सरकार बनाने का जनादेश तो एनडीए के नेता के रूप में मोदी को मिला है। इंडी गठबंधन को तो विपक्ष का जनादेश मिला है. उसे जनादेश का सम्मान करना चाहिए। अतितत्साह में ऐसा आचरण नहीं करना चाहिए जिससे ऐसा लगे कि वह जनादेश का अपमान कर रहा है। हमारे देश में तो परंपरा रही है कि जनादेश आने के बाद देश का विपक्ष कम से कम छह माह तो जनादाश का सम्मान करता है। इस बार विपक्ष ने कुछ सीटें ज्यादा जीत लेने पर इस पंरपरा का पालन ही नहीं किया और कुछ दिनों बाद ही सरकार को कमजोर सरकार, यह तो कभी भी गिर जाएगी कहकर जनादेश का अपमान किया गया है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सांसदों को शपथ दिला दी गई है, शेष सांसदों को दूसरे दिन शपथ दिलाई जाएगी। विपक्ष से देश तो यही उम्मीद करता है कि संसद के पहले सत्र में टकराव न हो तो अच्छा। होगा वही जो विपक्ष ने तय कर रखा है।

गंभीर मुद्दा | डॉ. प्रितम भि. गेडाम

सावधान! बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर

आज के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करुणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नजर नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाखोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी ग़लती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थों के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है। बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों की मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है। हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए ह्लनशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवसह्व

विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ह्लसबुत स्पष्ट हैं: रोकथाम में निवेश करेंह्व यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है। एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है। एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है। घरेलू अल्कोहल पेय उद्योग में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड 2023 की वार्षिक रिपोर्ट अनुसार, दुनिया के 39% अफीम उपयोगकर्ता दक्षिण एशिया में रहते हैं। वैश्विक स्तर पर हेरोइन बाजार 430-450 टन के वार्षिक प्रवाह को दर्शाते हैं। भारतीय सेना द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जम्मू कश्मीर में लगभग 40% युवा किसी न किसी रूप में नशे की लत से पीड़ित हैं, जो 2008 में 5% से कम था। भारत में पिछले एक दशक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और शराब की लत के कारण आत्महत्या करने वालों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। विश्व ड्रग रिपोर्ट 2023 अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2021 में 296 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीली दवाओं का उपयोग किया, जो पिछले दशक की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 39.5 मिलियन हो गई है, जो 10 वर्षों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है। अफ्रीका में, उपचाराधीन 70 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। विश्व स्तर के साथ भारत देश में नशे का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है, नशा इंसान को जिन्दा लाश बना कर रख देता है और बुराइयों, अपराध, नकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। नशे के कारण आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक क्षति होती है। आज के अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, अपने बच्चे अपनी जिम्मेदारी है, अभिभावकों का व्यस्तता का बहाना बच्चों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। बच्चों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, बच्चों को समय देना सीखें, बच्चों के सामने बड़ो का व्यवहार आदर्शात्मक होना चाहिए, बच्चे अपनी दिनचर्या कैसे बिताते है, किससे मिलते हैं, उनकी मित्रमंडली कैसी है, बच्चे बाहर खर्चा कहां करते है, यह सब अभिभावकों को पता होना चाहिए। आधुनिकता विचारों में होनी चाहिए, दिखावे में नहीं, इसलिए बच्चों को दुनियादारी, व्यवहार ज्ञान, अच्छे-बुरे की समझ अभिभावकों द्वारा मिलनी ही चाहिए। आज के समय में संस्कार, सत्य, नीतिमत्ता तेजी से विलुप्त हो रहे है, जो बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी ये बेहद आवश्यक है। नशा छोड़े, जागरूक रहें, बच्चों को देश का उज्वल भविष्य बनने के लिए उन्हें बेहतर और पोषक वातावरण दें। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर संगठन, सरकार, स्वयंसेवी संस्थान नशामुक्ति और मादक पदार्थों के तस्करी के विरुद्ध कार्य करते है। भारत सरकार के ह्ननशा मुक्त भारत अभियानह्व के तहत राष्ट्रीय टोल फ्री नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 पर संपर्क कर सकते है।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से खवाहिश थी। आज किसी इम्पोर्टेन्ट कार्य में अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आज आपको जमीन जायदाद से जुडी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज बिजनेस में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज आप घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी कर सकते हैं। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पुरा प्रयास करेंगे। छात्र अपने अधूरे काम पूरा कर लेंगे। परिवार में धार्मिक आयोजन के योग बन रहे हैं, आज अपने खान- पान पर कंट्रोल रखें। आज आपसे कोई मदद मांग सकता है आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आज जबरदस्ती किसी पर अपने काम या विचार थोपने की कोशिश न करें। आज किसी से भी बेवजह अपने विचार व्यक्त न करें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि-आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। आज लोगों से बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज बिजनेस के किसी खास काम से आपको किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी अच्छी जगह पर घूमने जाएंगे। आज आप घर के रुके कार्यों को पूरा करने का प्लान बनाएंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुशरण करेंगे। आज आपकी ज्यादात योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा। आज आपको ज्यादा जिद करने से बचना चाहिए। बेटे को सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज आपका दांपत्य जीवन सौहार्द से भरा रहेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे। ज्वेलरी की डिजाइनिंग कर रहे लोगों को काम में सफलता मिलेगी। बाहर की मसालेदार चीजों को खाने से बचें, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। करियर में अच्छे बदलाव के योग हैं।

कन्या राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। व्यवहार में धैर्य और विनम्रता बनाये रखें। पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी। आपको समाधान भी मिल सकता है। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। आज आपका बिजनेस अच्छा रहेगा।। क्रिएटिव वर्क में आपकी रूचि बढ़ेगी। आपके रिश्तों में नई चेतना का संचार होगा। स्टूडेंट्स को करियर से रिलेटेड अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है।

तुला राशि-आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों से आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने ज़रूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित मान-सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी उलझने से बचना चाहिए। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत है। आज आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे है। आज आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आयेगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते में मजबूती आएगी। किसी काम में उनका सहयोग भी मिलेगा। आज आपकी कोई निजी समस्या सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी। आपके पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होंगे और काम निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं।

धनु राशि-आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार आपके आत्मविश्वास तथा आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सॉल्युशन मिल जाएगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी विदेश यात्रा भी हो सकती है। आज आप कोई इलेक्ट्रनिक समान खरीद सकते हैं। आज आपको किसी नए रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा, आप व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में तालमेल बनाकर चलेंगे।

मकर राशि-आज का दिन अच्छा बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशविरा करेंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते है। आज ऑफिस के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप स्वयं में ताजगी व ऊर्जा महसूस करेंगे। दाम्पत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी, जिससे घर में छोटी-सी पार्टी हो सकती है।

कुंभ राशि-आज का दिन परिवार वालों के साथ बिताया। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं, इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगी। आज आप अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। आज संतान पक्ष से आपको सहयता मिलेगी। आज की गई मेहनत का भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। घर के बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद भी आपके मनोबल को बनाकर रखेगा। आज आप अपने पिता के साथ किसी रिश्तेदार के यहा जा सकते है। आज परिवार वालों को शॉपिंग कराने ले जा सकते हैं।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से कोई रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज मनपसंद कामों में दिलचस्पी लेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी आज आपका योगदान बना रहेगा। आज बातचीत के माध्यम से कुछ महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।

विनाश

पहाड़, अब सौंदर्य नहीं विनाश के प्रतीक

तनवीर जाफरी

गर्मियों से परेशान होकर प्रायः लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों पर जहां कम तापमान के चलते पर्यटकों को गर्मी से निजात मिलती है तथा शरीर व मस्तिष्क को सुकून मिलता है वहीं हमेशा से ही पहाड़ों का प्राकृतिक सौन्दर्य,ऊँची ऊँची गगन चुम्बी चोटियां,हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं,ग्लेशियर्स,पहाड़ों के लगभग हर मोड़ पर बहने वाले झरने,हरे भरे जंगल, ऑक्सीजन से परिपूर्ण ताजी आब-ो-हवा,गर्मी में भी सर्दी का एहसास दिलाने वाला वातावरण भी पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। परन्तु अब पहाड़ों की हक़ीक़त बदलने लगी है। हिमाचल प्रदेश की शिमला जैसी प्राकृतक सौंदर्यों से भरपूर ठंडी व खूबसूरत राजधानी भी अब जनसँख्या,पर्यटकों व वाहनों के बढ़ते बोझ के कारण गर्मी का एहसास दिलाने लगी है।

पिछले दिनों भीषण गर्मी से निजात पाने के लिये पवर्तीय सीमा क्षेत्र सांगला की लगभग 400 किलोमीटर की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान पहाड़ों की जो स्थिति देखी वह अत्यंत दुखदायी थी। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं अब हिम रहित हो चुकी हैं। जिन पर्वत श्रृंखलाओं पर करोड़ों वर्षों से बर्फ की मोटी चादर ढकी हुई थी वे अब अपना हिमावरण उतार चुकी हैं और पत्थरों के पहाड़ साफ नजर आ रहे हैं। हिम रहित पर्वत श्रृंखलाओं के चलते ग्लेशियर भी लगभग समाप्त हो गए हैं। इसकी वजह से हिमाचल प्रदेश में लगभग पूरे वर्ष कल कल कर बहने वाले शीतल जल के झरने अब सूख चुके हैं। लगभग चार दशकों से पवर्तीय अंचलों की यात्रा के दौरान विभिन्न पवर्तीय राज्यों में मैं ने देखा है कि जिस जगह झरने /चश्मे प्रवाहित होते थे वहां पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो जाती थी। कोई नहाता था कोई अपनी गाड़ियां धोता था ,कोई शीतल जल पीकर सुकून हासिल करता था। लोग फोटो खींच कर अपनी पवर्तीय यात्रा के यादगार लम्हों को कैमरों में क़ैद कटे थे। कुछ स्थानीय लोग मक्के की छल्लियाँ या ऋतु के अनुसार कोई स्थानीय फल आदि बेचकर अपना जीविकोपार्जन किया करते थे। परन्तु अब तो यह बातें गोया कहानी क़िस्से बन चुकी हैं।

पहाड़ शुष्क हो रहे हैं। पहाड़ों पर गर्मी बढ़ती जा रही है। शुष्क पवर्तों में भूस्खलन तेजी से हो रहा है। उस पर सोने पर सुहागा यह कि विकास के नाम पर सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिये पवर्तों को काटा जा रहा है जिससे करोड़ों पेड़ धराशायी हो रहे हैं। पहाड़ों पर तेज धार से बहने वाली सतलुज,बसपा व स्पीति जैसी अनेक नदियां अब गोया नदी के बजाये नालों की शक्ल ले चुकी हैं। विद्युत उत्पादन के चलते जगह जगह इन नदियों की धार को रोककर जल विद्युत उत्पादन संयंत्र भी लगाए गए हैं। उधर पर्यटकों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से वाहनों का तांता लगा रहता है। पवर्तीय क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ने का यह भी एक अहम कारण है। जाहिर है इस विश्वस्तरीय आपदा का जिम्मेदार और कोई नहीं बल्कि स्वयं मानव है जिसके चलते स्वर्ग रुपी सुन्दर पृथ्वी दिन प्रतिदिन नर्क बनती जा रही है। लिहाजा यह कहना ग़लत नहीं होगा कि चित्त को चैन व आँखों को सुकून देने वाले पहाड़ अब सौंदर्य नहीं बल्कि विनाश के प्रतीक बनते जा रहे हैं।

सामायिक | ललित गर्ग

लोकसभा का सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कारवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शमर्सार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कदिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के

सत्रों का संचालन होने दें। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्

नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में शहीद सीआरपीएफ के जवानों की दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 25 जून। कल सुकमा में शहीद हुए वीर जवानों को आज सुबह करणपुर (कोबरा) बटालियन परिसर में गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। गार्ड ऑफ़ ऑनर उपरांत शहीद हुए जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम रवाना किया गया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के आला अधिकारियों सहित आम नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, बस्तर आईजी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने सीआरपीएफ जवानों के ट्रक को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। इस ब्लास्ट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा क्षेत्र स्थित

सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट रोड ओपनिंग ड्यूटी के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, तो आईईडी की चपेट में आ गया।

ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। बाकी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे। टेकलगुडम और इससे आगे का पूवर्ती इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा का गढ़ है। कुछ ही महीने पहले यहां सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है।

शहीद शैलेंद्र के पिता व एक भाई की मौत हो चुकी है। एक भाई घर पर मां के साथ रहता है। फतेहपुर से बीएससी करने के बाद सीआरपीएफ में नौकरी ज्वाइन की। उसका विवाह बीती सात मार्च को हुआ था।

फोर्स ने हाल ही में टेकलगुड़म में नया कैंप स्थापित किया है चूंकि यह इलाका बेहद अंदरूनी है रविवार को भी जवानों के लिए दोरनापाल से राशन व अन्य रसद कैंप के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया था और रसद के साथ बड़ी संख्या में हथियार बंद जवान मोटरसाइकल में चल रहे थे। इलाके में रसद जा रहा था ऐसे में आर ओ पी भी लगाई थी। सड़क के बीचों-बीच छह फीट का बड़ा गड्ढा हो गया था। इस गड्ढे को देखकर स्पष्ट हो गया था कि बारूद सड़क के बीचों-बीच दबाया गया था गड्ढे के किनारे से सौ मीटर दूर तक लंबा वायर एक झोपड़ी तक गया हुआ था। माना जा रहा है कि इसी झोपड़ी में बैठकर नक्सलियों ने ट्रिगर दबाकर विस्फोट किया है। पुलिस इसी एंगल से जांच कर रही है और झोपड़ी तक गए तार को जब्त कर लिया है।

इधर हमले के तुरंत बाद राहत और बचाव का काम भी शुरू कर दिया गया है मौके से शहीद हुए जवान विष्णु आर और शैलेंद्र के शवों को बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया गया था। इसके अलावा विस्फोट में ट्रक के परखच्चे उड़ गये थे ऐसे में ट्रक के सामानों और बिखरे राशन को भी सड़क से हटाकर सड़क को फिर से आवाजाही के लायक बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। सुकमा जिले के टेकलगुड़म में हुए नक्सली हमले में 2 जवानों की शहादत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त किया है।

एक नजर

आपातकाल में लोकतंत्र की हुई हत्या को लेकर भाजपा की गोष्ठी

राजनांदगांव 25 जून। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कल 25 जून को आपातकाल की 49 वीं बरसी पर ÷लोकतंत्र की हत्या÷ विषय पर दोपहर 02 बजे एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, इस विचार गोष्ठी में भारतीय जनता के पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि कल ही के दिन 1975 में तत्कालिन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने उनके खिलाफ हाईकोर्ट द्वारा दिये गये फैसले पर देशभर में आपातकाल लागू कर दिया गया था, देशभर के तमाम छोटे व बड़े नेता जेल के सीख्वों में बंद कर दिये गये थे। हजारों-हजार लोगों को गिरफ्तार कर 19 महीनें बंद रखा गया द्य देशभर में सेंसरशीप लागू कर दी गई थी, समाचारों पर भी बेन था, पूरी तरह से लोकतंत्र को समाप्त कर दिया गया था। इस दौरान पार्टी के अनेक नेताओं की असमय मृत्यु हुई थी। लोकतंत्र पर हुये इस कुठाराघात को याद करने व काला दिन बताने भाजपा कार्यालय में कल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ आम कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। गोष्ठी के पश्चात् मीसाबंदियों व उनके परिजनों का पार्टी द्वारा सम्मान किया जायेगा।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 28 जून को

उत्तर बस्तर कांकेर, 25 जून। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 28 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 339 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्योरिटी गार्ड के 150, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 50, फायर मेन 20, वाहन चालक हैवी के 10, होम केयर के 100 और शिक्षक के 09 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लेकर उसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दिया जाएगा।

कलेक्ट्रेट परिसर में धारा-144 लागू

उत्तर बस्तर कांकेर 25 जून। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 जून से 17 सितंबर 2024 कुल 90 दिवस तक की अवधि के लिए धारा-144 लागू कर दी है। भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर एवं इसके आसपास 200 मीटर की दूरी में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी हेतु उक्त अवधि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

आर्थिक सहायता स्वीकृत

उत्तर बस्तर कांकेर 25 जून। राज्य एवं केन्द्रीय शासन की पुनर्वास योजना अंतर्गत जिले के कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम जुगड़ा में सनकू राम गोटा का माओवादियों के द्वारा हत्या कर दी गई थी। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा मृतक की आश्रित श्रीमती आनोतीन को पांच लाख रूपये की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पोट्टू लड़का पहल अभियान का प्रभारी सचिव ने किया अवलोकन

मोहला 25 जून। जनपद पंचायत मोहला के सभाकक्ष में कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत राजनांदगांव सीईओ के निर्देशन में यूनिसेफ के प्रशिक्षणों द्वारा जिले के तीन विकासखंडों के चयनित 138 आंगनबाड़ी केन्द्रों के 748 गंभीर कुपोषित बच्चों के लक्षित करते हुए उन्हें गंभीर कुपोषण से बाहर निकालने हेतु %%पोट्टू लड़का पहल%% अभियान का शुभारंभ प्रभारी सचिव श्री जे.पी. मौर्य एवं कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह द्वारा किया गया। यूनिसेफ के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक श्री महेन्द्र प्रजापति एवं सुश्री दिव्या राजपूत द्वारा इस अभियान के महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त परियोजना अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी सुपरवाईजर, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, ह्रक्रस्रू के को ऑर्डिनर को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी सचिव महोदय द्वारा आईबी ग्रुप द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्रदायित डिजिटल बेबी वजन मशीनों का वितरण भी मोहला के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया ताकि सभी 0-5 वर्ष के बच्चों का वजन सही से किया जा सके।

डेंगू की रोकथाम एवं बचाव के लिए चलाया जा रहा है विशेष अभियान

■ बीमारी के प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु सघन सर्वे कर संदेहास्पद मरीजों की स्वास्थ्य जांच के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 25 जून। बस्तर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज पाए जाने पर विधायक जगदलपुर श्री किरण देव के द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने आपात बैठक बुलाकर स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों को ग्रामवार एवं वार्डवार डेंगू के रोकथाम हेतु सुबह शाम प्रचार-प्रसार, गृह, भ्रमण, माईकिंग, करवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही डेंगू बीमारी के प्रकरणों पर नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को तत्काल सघन सर्वे कर संदेहास्पद मरीजों की स्वास्थ्य जांच के आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के मरीज मिलने पर स्वास्थ्य एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत 03 दिनों से सघन सर्वे अभियान तथा संदेहास्पद की जांच की जा रही है। घर घर सर्वे करते हुए डेंगू लार्वा पनपने वाले स्थान की सफाई कराया गया। मच्छरदानी का वितरण एवं जन जागरुकता हेतु दीवार लेखन पम्पलेट का वितरण किया गया है। नगर निगम की टीम के दारा साफ-सफाई लरवियाड स्प्रे का छिड़काव व

फॉगिंग गतिविधि की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से जून माह से स्वास्थ्य कार्यकर्ता मितानिन, महिला आरोग्य समिति के माध्यम से डेंगू पनपने वाले स्थानों की साफ-सफाई और लार्वा को नष्ट करने का कार्य बुखार के मरीजों व डेंगे के लक्षण वाले मरीजों का चिन्हांकन एवं रैपिड किट से जांच किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने नगर के 48 वार्ड के लिए 32 टीम बनाया गया है, जिसमें एएनएम, मितानिन, महिला आरोग्य समिति के सदस्य द्वारा जून माह में 6500 घरों का अब तक सर्वे किया गया। जिसमें 49 घरों में लार्वा पाया गया, जिसे तत्काल नष्ट किया गया। इसी प्रकार कुल 12437 कन्टेनर का जांच किया गया 89 कन्टेनर में लार्वा पाए गए उसको नष्ट किया गया। वर्ष 2024 में संदेहास्पद 762 रक्त नमूना का एनाईजा परीक्षण किया गया जिसमें जगदलपुर के शहरी क्षेत्र में कुल 04 मरीज ही मिले है। वर्तमान में कोई भी ऐक्टिव मरीज नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में जनवरी से अब तक कुल 08 प्रकरण पाए गए है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 2041, वर्ष 2023 में 68 व वर्ष 2024 में अब तक 12 डेंगू के मरीज मिले है द्य इस प्रकार जनजागरुकता से डेंगू के प्रकरणों में निरंतर कमी आ रही है। डेंगू के रोकथाम व बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील है कि डेंगू साफ पानी से पनपता है इसलिए अपने घर के आसपास गमली टायरी कूलर टूटे फूटे बर्तन, फ्रीज ट्रे नारियल के खोल आदि कि नियमित तौर पर कम से कम सात दिनों में नियमित सफाई करें और पानी जमा न होने दे, मच्छरदानी का उपयोग करें, हाथ पाव को पूरी तरह ढकने वाले कपडे पहने तथा अपने आस पास सफाई रखे और डेंगू रोकने में अपने सहभागिता निभावे। बुखार या डेंगू के लक्षण आने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करावे। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू की जांच व उपचार सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।

मैदानी स्तर पर अधिकारी नियमित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें: सीईओ

धमतरी 24 जून। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधामंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत विभागीय अधिकारियों की बैठक में सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के लिए अधिकारियों को मैदानी स्तर पर नियमित निरीक्षण करने, निरीक्षण के पूर्व आवश्यक जानकारी हेतु प्रशिक्षण देने कहा। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी नोडल ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग की होगी। साथ ही विकासखंड स्तरीय बैठक के भी निर्देश दिये गये।

आगामी कुड़िया दिवस के आयोजन के लिए जनमन के तहत प्रधानमंत्री आवास का दस्तावेजीकरण करने सी ई ओ ने कहा, ताकि उक्त आयोजन में फ्लैक्स, बेनर, पोस्टर एवं एल.ई.डी. लाईट के माध्यम से प्रदर्शित की जा सके। सीइओ जिला पंचायत ने कमार बसाहट परिवार के लिए बीसी सखी के माध्यम से स्वसहायता समूहों का सामग्री मैपिंग के निर्देश दिये गये। वहीं कमार परिवार के हितग्राहियों को बैंकिंग कार्य के लेनदेन हेतु बी.सी. सखी के माध्यम से करायी जावें, इस हेतु विकासखंडवार चरणबद्ध तरीके से योजना तैयार करने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। इसी तरह सेंट्रिंग कार्य हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए कार्य योजना तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित किये जाने एवं बैंकिंग लोन प्रदान कर समूह की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रेरित की जावें। जनमन अंतर्गत नये स्वीकृत आवासों को समयबद्ध पूर्ण करने हेतु हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कराने धमतरी, मगरलोड एवं नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया।

सीईओ जिला पंचायत ने यह भी कहा कि समूह की ऐसी महिलाएं जिन्हें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजना का लाभ मिला है तथा ऐसे पीड़ित परिवारों को क्लेम मिली है, की जानकारी प्रस्तुत करने कहा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनाए गए समूह और कितने समूह के खाते सक्रिय हैं तथा किन-किन समूहों को आरएफ एवं सीआईएफ की राशि प्रदाय की गई है, उसकी जानकारी प्रेषित करने कहा। साथ ही राजमिस्त्रियों के उन्मुखीकरण के लिए कार्ययोजना बनाने और जनपद पंचायतों के तहत दिए गए दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में करने कहा। जनमन मिते की प्रशिक्षण के साथ कमार परिवारों की आवश्यकतानुसार समाज प्रमुखों के साथ चर्चा कर कार्य योजना तैयार किये जाने निर्देशित किया गया। जनमन एरिया में स्वयं सहायता समूहों का बैंक खाता खोले जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माण के कार्यों में प्रगति लाने हेतु पंचायत सचिव को भी नियोजित करने के निर्देश दिये गये। जिले में योजनांतर्गत 1350 आवास अप्राप्रेभ है पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत विकासखंड स्तर पर वृक्षारोपण करने गड्ढे खुदाई का कार्य पंचायत द्वारा वर्षा प्रारंभ के पूर्व करायी जावें। वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2023-24 तक के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये जिनका एम.आई.एस. में सी.सी. अपलोड भी करावें। स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत पंचायतों में स्वच्छता और जल कर प्राथमिकता के साथ कलेक्शन कराना सुनिश्चित करें। स्वच्छता के दृष्टिकोण से कचरा संग्रहण का कार्य भी सुचारू रूप से करायी जावें जिससे गांव में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हो। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायत सरगी (केवराडीह) के पुराना शीतला तालाब सरगुढ़िया तालाब, सोनेवारा के बड़े तालाब, झाझरकेरा के निस्तारी तालाब, केकराखोली के महादेव तालाब, बोरसी के मुरूम खदान तालाब, करैहा सूखा तालाब अमृत सरोवर निर्माण कार्य, नया तालाब अमृत सरोवर निर्माण, सारंगपुरी लालखेड़ा तालाब अमृत सरोवर, कोटरवाही दर्री तालाब, बगौद बर तालाब, चिंवरी सूखा तालाब, मुराउड़ तालाब, सलोनी कमारडेरा तालाब, छुही बरडबरा तालाब, इसी तरह रेल्वे एवं भारतीय जन संगठना के तहत कन्हारपुरी के शीतला तालाब गहरीकरण, गोबरा के छोटा तालाब, बिरेझर के गांव तालाब गहरीकरण, सिंधौरीकला के हूल्का तालाब गहरीकरण, मड़ेली पुरेना तालाब गहरीकरण, जीजामगांव के उम्रावती खार तालाब, कचना के जानकी बांधा, पुरी के शीतला के तालाब, लिमतरा के डबरी तालाब, सेहाराडबरी के गौठान तालाब, संबलपुर के अमृत सरोवर तालाब, सेनचुआ के मुरूम खदान अमृत सरोवर के रूप में प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण कराने सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया।

जिले के प्रभारी सचिव ने ली जिलाधिकारियों की बैठक

मोहला 25 जून। जिले के प्रभारी सचिव श्री जय प्रकाश मौर्य ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में विभागीय जिला अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। प्रभारी सचिव श्री मौर्य ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में विकास की रेखा खींचकर जिला बनाने की अवधारणा को साकार करना है। उन्होंने बैठक में कहा कि नवीन जिला बनाने का मुख्य उद्देश्य जिले में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बेसिक आवश्यकता को पूरा करते हुए मूल समस्याओं को सामूहिक प्रयास के साथ दूर किया जाकर स्थापित जिला बनाया जाना है। जिले में बड़े पैमाने पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला स्वालंबन, किसान समृद्धि के क्षेत्र में कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस मूल क्षेत्र में कार्य किया जाकर जिले को स्थापित करने के साथ ही अग्रणी और विकसित जिला बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिले को नई पहचान दिलाने के लिए बेसिक आवश्यकता के आधार पर भविष्य को ध्यान में रखकर बृहद पैमाने पर मास्टर प्लान तैयार करें।

समाचार संक्षेप

सुकमा के टेकलगुडा में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने पहुँचे चित्रकूट विधायक

सुकमा 25 जून। सुकमा के टेकलगुडा में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने चित्रकूट विधायक विनायक गोयल जगदलपुर में स्थित करणपुर पहुंचे,, शहीद जवान विष्णु आर(केरल त्रिवेंद्रम) एवं शहीद शैलेन्द्र (कानपुर उत्तर प्रदेश) को भावभीनी श्रद्धांजलि।श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा के जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह,वेद प्रकाश पांडे,संग्राम सिंह राणा, रितेश जोशी, पिंटू साव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक लेकर रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट के प्रभावितों की समस्याओं से हुए अवगत

उत्तर बस्तर कांकेर, 25 जून। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने आज पुलिस अधीक्षक श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला के साथ जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट के प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। कलेक्टर ने बैठक में प्रभावितों की मांगों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और यथासंभव निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को रेलवे या बीएसपी द्वारा नियमानुसार अपात्र होने के कारण नौकरी नहीं दी गई है, उसकी संपूर्ण जानकारी सहित सूची तैयार कर राज्य शासन के समक्ष उचित निर्णय हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि प्रभावित गांवों के युवाओं विशेषकर आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों को उनके रूचि अनुसार पढ़ाई के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने एसडीएम, बीएसपी एवं रेलवे के अधिकारियों की एक टीम तैयार कर सभी अपात्र लोगों की शैक्षणिक योग्यता सहित सूची तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम श्री एस. अहिरवार एवं श्री बी.एस. उइके, एसडीएम श्री एन.के. बंजारा सहित पुलिस, रेल्वे एवं बीएसपी के अधिकारी उपस्थित थे।

सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में वेडनर स्कूल विजयी रहा

महासमुंद 25 जून। विकासखंड एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को मिनी स्टेडियम महासमुंद में संपन्न हुआ जिसमें प्रथम पाली में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता कराया गया। इस प्रतियोगिता में रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल, गुड शेफर्ड स्कूल व वेडनर स्कूल की अंडर 17 वर्ष की टीम ने भाग लिया। विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि पहला मैच रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल विरुद्ध गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद के मध्य खेला गया जिसमें रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद ने गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला वेडनर स्कूल महासमुंद विरुद्ध रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद के मध्य खेला गया जिसमें वेडनर स्कूल महासमुंद ने विकासखंड प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव हासिल किया।

नियद नेल्लानार योजना का दिखा असर, सुकमा में 1-1 लाख के 2 ईनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 25 जून। छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' एवं '' नियद नेल्लानार'' योजना के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैम्प स्थापना से मिलने वाली सुरक्षा, सुविधा व विकास से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, खोखली विचारधारा, नक्सलियों द्वारा किए जाने वाले शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा किए जाने वाले भेदभाव एवं स्थानीय आदिवासियों के साथ होने वाली निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सक्रिय 02 नक्सिलयों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में क्रमशः 01. प्रकाश उर्फ पोड़ियाम देवा पिता हुंगा (लखापाल पंचायत मिलिशिया कमाण्ड इनचीर्ज ईनाम 01 लाख छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोंगगुड़ा एर्रापारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0), 02. माड़वी हांदा पिता सुक्का

(लखापाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष ईनाम 1 लाख छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोंगगुड़ा एर्रापारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0) के द्वारा नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में भास्कर भट्टाचार्य, उप कमाण्डेन्ट। 02 री वाहिनी सीआरपीएफ, सपन चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स/डीआरजी सुकमा एवं निरीक्षक सुजीत कुमार, 223 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। नक्सलियों को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल की टीम एवं 223 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है।

दोनों आत्मसमर्पित नक्सली नक्सल संगठन में विगत 14-15 वर्षों से जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों में स्पाईक लगाना, मुख्य मार्गों को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहे है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति'' के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय करायें जायेंगे।

सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति जानने केन्द्रीय सचिव ने ली वर्चुअल बैठक

उत्तर बस्तर कांकेर, 25 जून। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की सचिव के द्वारा सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन एवं नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जानकारी लेने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ली गई, जिसमें उन्होंने अब तक की कार्य-प्रगति की जानकारी ली। आदिवासी विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले के कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने हिस्सा लिया। आज दोपहर को आयोजित वीसी में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की प्रमुख सचिव ने सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन एवं नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रगति की जानकारी बिन्दुवार ली। उन्होंने प्रदेश में चलाए गए एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम की सराहना करते हुए आंकड़ों की वेबसाइट में एंट्री करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकलसेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु

स्क्रीनिंग एवं जांच का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में 05 लाख 11 हजार लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 04 लाख 80 हजार लोगों के सिकल सेल्स की जांच पूर्ण की जा चुकी है। इनमें से 463 लोगों में यह धनात्मक पाया गया जबकि 04 हजार 567 सिकल सेल्स के वाहक के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं। यह भी बताया गया कि स्क्रीनिंग किए जा चुके 03 लाख 38 हजार लोगों के कार्ड बनाकर वितरित किए जा रहे हैं। सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन पखवाड़ा का आयोजन 19 जून से 03 जुलाई के बीच किया जा रहा है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने निर्धारित समय-सीमा में सर्वे एवं कार्ड बनाने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिए। वीसी में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री एल. आर. कुर्रे, डीपीएम श्री रोहित वर्मा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुनील सोनी एवं डॉ. शंखवार उपस्थित थे।

एक नजर

कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों का समय पर निराकरण करने के दिए निर्देश

महासमुंद। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के लिए निर्देश दिए। जन चौपाल में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा।जन चौपाल में बसना के नीलकंठ बिंझवार ने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि लोक सेवा केंद्र में आवेदन दिया है। लेकिन अभी तक जाति प्रमाण नही बना है। कलेक्टर मलिक ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी तरह ग्राम पतेरापाली के विजय मिर्धा ने अपनी जमीन का सीमांकन करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से सीमांकन नही हुआ है। ग्राम सिरपुर के विनोद साहनी ने बताया की अत्यधिक विद्युत बिल आने के कारण परेशानी है। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को जांच कर करवाई के निर्देश दिया हैं। अनुकंपा नियुक्ति के लिए पूनम नंद ने आवेदन दिया है। उन्होंने जल्दी से जल्दी से अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरण के लिए गुहार लगाई। इसी तरह असंगठित कर्मकार योजना के तहत भगिनी प्रसूति योजना का लाभ लेने आवेदन दिया। कलेक्टर ने श्रम विभाग को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा नया राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि राशि, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम आवास योजना संबधी आवेदन दिया। जन चौपाल में अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 से कलेक्टर कार्यालय में जन चौपाल का आयोजन किया जाता है।

जिले में किए जा रहे पौधारोपण की जियो टैगिंक करें:कलेक्टर

धमतरी 25 जून । कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने वृक्षारोपण, जियो टैगिंग, साफ-सफाई, प्रधानमंत्री जनमन योजना, राजस्व, डायवर्सन, जल जीवन मिशन, शाला प्रवेशोत्सव, खाद-बीज की उपलब्धता, विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य इत्यादि विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्री श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में आगामी दिनों में किए जाने वाले वृहद वृक्षारोपण के लिए विभागों द्वारा मांगे गए पौधों की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधरोपण के लिए पूर्व से गढ्ढे कर लें और खाद की पर्याप्त मात्रा रखना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन-जिन जगहों पर पौधरोपण किया जाएगा, उसका जियो टैगिंग जरूर करें। इस दौरान नगरी विकासखण्ड के महानदी उद्गम स्थल सिहावा सहित अन्य स्थानों में साफ-सफाई वहां पौधरोपण के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आगामी दिनों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभान्वित गांवों का चयन करने कहा। इसके लिए संबंधित गांवों के नोडल अधिकारियों को निरीक्षण कर पालन-प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।इसके साथ ही विकासखण्डवार राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली तथा विभाग के तहत डायवर्सन, बटांकन, अवैध निर्माण, चिटफंड कंपनी के तहत प्राप्त आवेदन, स्वामित्व योजना, किसान किताब सत्यापन की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता, ऋण, वनाधिकार पत्र सहित ग्राम पंचायत परसतराई में फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में किए जा रहे ओव्हर हेड टंकियों की सफाई, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति, शहरी क्षेत्र में बड़े नालों और नालियों की सफाई, मलेरिया से बचाव के लिए फॉगिंग, डेंगू से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों समीक्षा की।समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी, गणवेश, पुस्तक वितरण सहित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

पार्टी की नींव मजबूत करने में कार्यकर्ताओं का अहम योगदान:विधायक गोमती साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 25 जून। पार्टी की मजबुत बुनियाद कार्यकर्ताओ के कांधे पर टिकी रहती है,कार्यकर्ता के बिना कोई भी पार्टी की नींव मजबुत नही हो सकती। विधानसभा के बाद लोकसभा मे भी भाजपा ने जो जीत हासिल करी वह कुशल नेतृत्व के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओ के बदौलत संभव हुआ। पत्थलगांव शहर मे विधायक कार्यालय के खुलने से आस-पास के ग्रामीण जनो को अपनी समस्या एवं उसके समाधान के लिए कही और जाने की जरूरत नही पडेगी। विधानसभा के समस्तजनो का कार्य एवं समस्याओ का निराकरण इस कार्यालय से चुटकी बजाते ही हो जायेगा। जनता को कभी विधायक कार्यालय से निराश होकर लौटने नही दूंगी। यह बातें पत्थलगांव शहर मे अपने कार्यालय का शुभारंभ करने के दौरान विधायक गोमती साय ने हजारो की संख्या मे मौजुद भाजपा के कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुये कही। आज जशपुर रोड के वनविभाग के सामने विधायक गोमती साय ने अपने नये कार्यालय का शुभारंभ किया,रिबन काटकर उन्होने इस औपचारिकता को पूरी किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता,उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल,मंडल प्रभारी हरजीत भाटिया,राजेन्द्र अग्रवाल,रामु अग्रवाल,मधुसुदन गोयल,प्रवीण गर्ग,मनीष अग्रवाल,अंकित बंसल,रूपसिंह राठिया,प्रवीण बंसल,अवधेश गुप्ता,अंशु गोयल, दामोदर शर्मा, नरेश यादव, कमलेश यादव,चमर साय,रौशन प्रताप,धीरज शर्मा,महेश गुप्ता, रेणु विश्वा,अंजु टोप्पो,भारती शर्मा,गुडिया यादव,मीना चौहान के अलावा आठ मंडल के अध्यक्ष,महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजुद थे।।

कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित-:कार्यक्रम के दौरान श्रीमती गोमती साय ने कार्यकर्ताओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। आम तौर पर यह देखने में आता है कि कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है,परंतु विधायक श्रीमती गोमती साय ने इस परंपरा को तोड़ते हुए कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। दरअसल विधानसभा चुनाव के बाद यह पहला मौका था जब विधायक कार्यकर्ताओं से रूबरू हुई,मंच संचालन कर रहे पत्थलगांव मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल के द्वारा विधायक के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किए जाने पर श्रीमती साय ने स्वयं की बजाय कार्यकर्ताओं का सम्मान किए जाने की इच्छा जाहिर की,इसे लेकर कार्यकर्ता भी अभिभूत नजर आए।

चुनाव के बाद जन चौपाल में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही

■ सभी विभाग के अधिकारी रहे उपस्थित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 25 जून। लोकसभा निर्वाचन के बाद जिले में जन चौपल का आयोजन लगातार जारी है आज मंगलवार को 81 आवेदन समस्या, मांग, और अपेक्षा को लेकर ग्रामीण जन पहुंचे । जन चौपाल में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की भीड़ पहुचती रही और लोग अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधीश के समक्षअपना आवेदन पेश करते रहे ।इस अवसर पर गरियाबंद जिला के समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे दरअसल टी.एल की बैठक के बाद यहाँ जन चौपाल का आयोजन किया जाता है जिसके चलते अधिकारी लगातार उपस्थित रहते हैं आने वाले आवेदनों को मौके पर ही हल करने के लिए जिलाधीश संबंधित विभागों को आवेदन सौते जाते हैं जिसके आधार पर मौके पर ही अधिकारी उन आवेदनों को लेकर अपनी बातें रखते हैं जो समस्याएं हल होने वाली है उसको तत्काल बतला देते हैं और जो नहीं हो सकता इसका कारण भी मौके पर बतलाते हैं। जिलाधीश दीपक अग्रवाल इस पर मनन करने के बाद संभव हो तो कोई रास्ता निकाल कर हल करवाते हैं ना होने पर उन्हें कानूनी दिक्कत व परेशानियों को भी आम जनों को अवगत कराते हैं इसी कड़ी में आज भी जन चौपाल का आयोजन मे 81 आवेदन पहुंचे जिसमें प्रमुख रूप से वन अधिकार का पत्ता गली मरम्मत नाली निर्माण अतिरिक्त भवन नक्शा खसरा की मांग सीमांकन हुआ जमीन बंटवारे के साथ ही ग्राम कोपरा के लोगों ने बतलाया कि नगर पंचायत की घोषणा के बाद ग्राम पंचायत के द्वारा कराया जा रहे अधुरे काम या स्वीकृत कामों का क्या होगा इसकी भी विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीण पहुंचे थे । चुनाव के बाद लगातार दूसरा जन चौपाल होने के कारण लोगों की भीड़ जुटी रही और अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहे ।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामले में साय सरकार नाकाम: विनोद चंद्राकर

महासमुंद। छत्तीसगढ़ में बदहाल होती स्वास्थ्य व्यवस्था तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को हो रही परेशानी तथा असुविधाओं को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के साय सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं है। साय सरकार का पूरा फोकस केवल अवैध वसूली, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी में ही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामले में यह सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। चंद्राकर ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश भर के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ संविदा कर्मचारियों के अनिश्चत कालीन हड़ताल पर चले जाने से अस्पतालों में इलाज सुविधा ठप हो गया है। कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद से इन कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया।

सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या बैगा-गुनिया के चक्कर में न पड़ें:डॉ जेम्स मिंज

पत्थलगांव,25 जून। बारिश का मौसम आते ही जहरीले सांप,बिच्छू व कीड़े-मकोडों के काटने का खतरा बढ़ जाता है,ऐसी स्थिति में लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। सांप, बिच्छू या जहरीले कीड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार करने से उसकी जान बचाई जा सकती है। यह बातें ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ जेम्स मिंज ने खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगो से अपिल करते हुये कही है। डॉ जेम्स मिंज का कहना था कि वर्षा का पानी बिलों में भरने और बिलों के तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण सांपों को बिलों से बाहर निकलना पड़ता है। सुरक्षित स्थान और खाने की तलाश में सांप अकसर घर या बाड़ियों में घुस जाते हैं और सर्पदंश की घटना होती है। सर्पदंश की स्थिति में तत्काल पीड़ित को एंटी स्नेक वेनम लगाया जाना आवश्यक होता है। क्षेत्र नागलोक के नाम से मशहूर है,ऐसे मे यहा के सिविल हॉस्पिटल के अलावा ग्रामीण ईलाको के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे एंटी स्नैक वेनम का पर्याप्त डोज मुहैया कराया गया है। उन्होने कहा कि कई बार जहरीले सांप के काटने पर एक से डेढ़ घंटे के भीतर पीड़ित को इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो जाती है,इसलिए पीड़ित को जितनी जल्दी हो सके निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए लेकर आना चाहिये। डॉ जेम्स मिंज ने कहा कि सभी सांप जहरीले नहीं होते हैं,अधिकांश मौतें सांप काटने के बाद घबराहट में हो जाती है। वर्तमान में जहरीले सांप के काटने पर भी इलाज मौजूद है। एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन देने से सांप के जहर को पीड़ित के शरीर से कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या बैगा-गुनिया के चक्कर में न पड़ें और बिना देर किए अस्पताल में सीधे डॉक्टर से संपर्क करें। डॉ.जेम्स मिंज ने बताया कि सर्पदंश पीडित को सही समय मे ईलाज मिलने से उसकी जान बचायी जा सकती है।।

ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश के मामले अधिक-:सर्पदंश के ज्यादातर मामले वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। अधिकांश ग्रामीण बारिश के मौसम में भी जमीन पर सोते हैं। जिससे उनके सर्पदंश का शिकार होने की आशंका बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश से बचने के लिए ग्रामीणों को बारिश के मौसम में जमीन पर नहीं सोने और केमिकल युक्त मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी है,डॉ जेम्स मिंज ने ग्रामीण क्षेत्र मे निवासरत लोगो को चारपाई का उपयोग करने की भी बात कही है।।

स्नेकमैन ने दी सलाह-:दो हजार से भी अधिक जहरीले सांपो को लोगो के घर एवं दुकान से पकडकर उन्हे जंगल मे सही सलामत छोडने वाले स्नेकमैन के नाम से विख्यात बबलू तिवारी ने बारिश के मौसम मे लोगो को नंगे पांव ना चलने की सलाह दी है। उनका कहना है कि जहरीले सर्प पर इंसान का स्पर्श होते ही पलटकर वार करते है,जिससे मनुष्य को हानि पहुंचती है,उनका कहना था कि बारिश के दिनो मे तेज रौशनी एवं पैरो मे चप्पल या जुता पहनकर विचरण करना चाहिये,जिससे जहरीले जीव जंतु शरीर के निचले हिस्से पर वार ना कर सके।

श्रीराम सेना ने हिंदू साम्राज्य दिवस पर निकाली नगर में शोभायात्रा

महासमुंद,25 जून। हिंदू साम्राज्य दिवस शनिवार को नगर में पहली बार शिवाजी की शोभायात्रा निकालकर मनाया गया। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री राम सेना द्वारा शनिवार शाम 5 बजे श्री राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो शहर के महामाया मंदिर चौक, बिठोवा चौक, अंबेडकर चौक, स्वामी चौक, क्षत्रपति शिवा जी चौक से बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में आकर्षण का मुख्य केंद्र अखंड भारत की झांकी, श्री राम लला जी की झांकी, हनुमान जी की झांकी शिवाजी महाराज का वेश धारण किए युवक रथ पर सवार एवं ढोल की थाप पर आतिशबाजी मुख्य आकर्षक का केंद्र थे। जिला मराठा समाज महासमुंद के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र राव घाड़गे, उपाध्यक्ष महावीर पवार, संरक्षक प्रलय थिटे, कोषाध्यक्ष भूषण राव भोसले, जनार्दन पवार सहित श्रीमती ज्योति पवार ने शिवाजी महाराज को माल्यार्पण कर जय घोष के साथ स्वागत किया। श्री राम सेना के कार्यकर्ताओं ने कहा धरती पर कुछ ऐसी हस्तियां जन्म लेती हैं। जिनके कर्म और विचार सदियों तक लोगों के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। ऐसे ही व्यक्तित्व के स्वामी छत्रपति शिवाजी महाराज हुए। इसलिए महान मराठा छत्रपति शिवाजी की जयंती को एक पर्व की तरह मनाया जाना चाहिए। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और जुलूसों का आयोजन होने लगे हैं। शिवाजी एक ऐसे महान योद्धा थे जो अपने जीवन में बहुत पहले ही युद्ध के लिए तैयार हो गए थे और उन्होंने कई युद्ध लड़े थे। वह एक भारतीय योद्धा और मराठा वंश के सदस्य थे। उनके पिता शाहजी भोसले एक सेनापति थे। जबकि उनकी मां जीजाबाई एक धार्मिक महिला थीं। उन्होंने अपनी माता से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतार लिया था। यही वजह थी की वह धर्म और आध्यात्म से काफी जुड़े थे। शिवाजी महाराज बचपन से ही सामंती प्रथा के खिलाफ थे और उन्होंने मुगल शासकों की क्रूर नीतियों का जमकर विरोध किया था। इसी जोश के कारण उन्होंने मुगलों को धूल चटाई थी।अंत में भारत माता की आरती पश्चात शोभायात्रा का समापन किया गया।

किशोरी सशक्तिकरण केंद्र कोडोली शिक्षा और बाल संरक्षण में नई उम्मीद

बीजापुर,25 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में बीजापुरीत स्वयंसेवकों द्वारा संचालित किशोरी सशक्तिकरण केंद्र कोडोली में शालात्यागी किशोरी बालिकाओं और असाक्षर महिलाओं को अनौपचारिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस केंद्र में उन्हें बाल संरक्षण के विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। जिसमें बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल मजदूरी, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, किशोरावस्था के दौरान शारीरिक परिवर्तन, लिंगभेद और बाल अधिकार शामिल हैं। खुशी की बात है कि इस प्रयास के तहत तीन शालात्यागी किशोरी बालिकाएं वापस से विद्यालय जाने को प्रेरित होकर तैयार हो गई हैं। इसके अतिरिक्त, बीजापुरीत स्वयंसेवकों के प्रयास से दो महिलाएं नव भारत साक्षरता परीक्षा में भी शामिल हुई हैं, जो उनके शैक्षिक और व्यावसायिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सके और समाज में एक सशक्त भूमिका निभा सकें। यह केंद्र उन्हें न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी मार्गदर्शन करता है। बीजापुरीत स्वयंसेवकों का यह प्रयास समाज में जागरूकता फैलाने और असाक्षरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किशोरी सशक्तिकरण केंद्र के सफल संचालन में बीजापुरीत स्वयंसेवकों के साथ जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री राहुल कौशिक एवं जिला समन्वयक यूनिसेफ सुश्री लेखिका साहू का विशेष योगदान रहा है।

बासागुड़ा में मना बाल श्रम निषेध दिवस

बीजापुर,25 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला के विकासखण्ड उसूर के आवापल्ली/बासागुड़ा में बालश्रम निषेध अंतर्गत राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 21 जून 2024 से कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा बालश्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्जवल भविष्य बनाये, चलाने के लिये जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग को निर्देशित किया है। इस पर आईसीपीएस, श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा शहर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम, का पांपलेट बॉटते हुए दुकान, होटल, ढाबों में जाकर निरीक्षण किया गया कि श्रमिकों अथवा नौकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया। अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढाबों, घरेलू कामगार, ईंट भट्ठी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, यह जानकारी भी प्रचार-प्रसार के दौरान दी गई। इस दौरान श्री नवीन कुमार मिश्रा संरक्षण अधिकारी, श्री कल्याण निरीक्षण, श्री दानेश्वर साहू, श्री संदीप चिड़ेम सामाजिक कार्यकर्ता, श्री राजेश मडे आउटरीच वर्कर एवं श्री राजूराम कश्यप आउटरीच वर्कर उपस्थित रहे।

सर्व आदिवासी समाज ने मनाया रानी दुर्गावती बलिदान दिवस

बीजापुर,25 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)गढ़ मंडला की महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस को बलिदान दिवस के रूप में सर्व आदिवासी समाज ने स्थानीय गोंडवाना भवन में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया।इस मौके पर समाज के जिला सचिव कमलेश पैंकरा, ब्लाक अध्यक्ष पांडुराम तेलम, मुरिया समाज अध्यक्ष सुकुल साय तेलाम, ब्लाक सचिव सतीश मंडावी, बीजापुर की पूर्व सरपंच सुशीला नाग, इंद्रा देवी कुंजाम, संगीता नाग, जमुना कोरसा, सीता कोरसा, कांता तेलाम, पाकलु तेलम, श्रवण सैंद्रा, देवी ताती, धनेश कुंजाम, महेंद्र ताती, रामा ताती, विनय उइके, सुभाष कुडियम, प्रमोद ओयाम सहित बड़ी संख्या महिला प्रभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।इस दौरान समाज प्रमुखों द्वारा महिला सशक्तिकरण सहित आदिवासी महिलाओं के सामाजिक गतिविधियों और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

भैरमगढ़ में मनाया गया बलिदान दिवस-भैरमगढ़ स्थित सर्व आदिवासी समाज के भवन में वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर महारानी दुर्गावती के छाया चित्र पर माल्यार्पण पश्चात उनके द्वारा सामाजिक विकास के लिए किए गए कार्य और आदिवासी अस्मिता को बचाने उनके बलिदान को याद किया गया।इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गु राम तेलामी, भैरमगढ़ ब्लाक अध्यक्ष सीताराम मांझी, बीएस भास्कर. सीएस नेताम, रानू शोरी, विनिता बघेल, सुहागा तारम, संगीता पोयाम, रामलाल कर्मा, अर्जुन उरषा, बुधराम उरषा, विजय मुच्चाकी, सोनारु बारसा, सुकराम कवासी, लक्ष्मण हपका, संतोष कडती, रतन कश्यप सहित बड़ी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

मेहमान प्रशिक्षक के लिए साक्षात्कार 28 जून को

बीजापुर,25 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) जिला परियोजना लाईवलीहूड कॉज सोसायटी बीजापुर में 28 जून 2024 को प्रातः 11 बजे विभिन्न कोर्सों के लिए मेहमान प्रशिक्षक हेतु साक्षात्कारUWalk in interview का आयोजन किया गया है। जिसमें Assistant Electrician, Domestic data entryoperator, Retail Store Ops assistant, Multi-Cuisine Cook, Plumber General,Solar PV Installer-Electrical एवं Cake Making सम्मिलित है। इच्छुक आवेदक 28 जून 2024 को प्रातः 11 बजे सभी दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना लाईवलीहूड कॉलेज सोसायटी बीजापुर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अन्य कोई माध्यम से स्वीकार नहीं होगा। आवेदन का प्रारूप बीजापुर जिले के वेबसाइट222.bijapur.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

वॉक इन इंटरव्यू 28 जून को

धमतरी 25 जून। जिला चिकित्सालय धमतरी में रेडियोलॉजिस्ट विभाग में अनुबंध आधार पर अपनी सेवाएं देने के लिए वांछित योग्यताधारी चिकित्सकों का चयन किया जाना है। जिला चिकित्सालय धमतरी के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि इसके लिए 28 जून को दोपहर 3 बजे से वॉक इन इंटरव्यू जिला चिकित्सालय के कक्ष क्रमांक-12 में रखा गया है।

पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर नहीं रहे, क्षेत्र में शोक

महासमुंद,25 जून। कैबिनेट मंत्री दर्जा के साथ छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष रहे तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अग्नि चंद्राकर का रविवार शाम रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन के समाचार से क्षेत्र में शोक की लहर है। आज सुबह 10 बजे उनका पार्थिव शरीर स्टेशन रोड स्थित उनके निज निवास लाया गया बाद कांग्रेस भवन में आमजनों के दर्शनार्थ रखा गया।

बता दें कि करीब 40 साल तक राजनीति में सक्रिय रहे अग्नि चंद्राकर अपने सरल, सहज स्वभाव, साफ सुथरी राजनीति और सेवा भावना के कारण पक्ष-विपक्ष में समान रूप से लोकप्रिय रहे। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से तीन-तीन बार विधायक चुना जाना उनकी जन-स्वीकार्यता और लोकप्रियता का प्रमाण है। विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम सोरिद में दाऊ रामलाल चंद्राकर के घर 1 जनवरी 1954 को जन्मे बी. कॉम., एल.एल.बी. उच्च शिक्षित अग्नि चंद्राकर ने व्यवसाय के रूप में कृषि को ही अपनाया। उनके राजनीतिक सफर की शुरूआत सन् 1986 में हुई जब वे ग्राम पंचायत धनसुली के निर्विरोध सरपंच बने। सन् 1993 में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से प्रथम बार निर्वाचित हुए। बाद सन् 1998 में पुनः विधायक बने। सन् 2000 से 2003 तक भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रहे। सन् 2008 में तृतीय बार महासमुंद

विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। सन् 2021 में अध्यक्ष, छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. रायपुर मनोनीत किए गए। साथ ही उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया था।विधायक के रूप में अग्नि चंद्राकर ने महासमुंद क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित रहे।

जिला बनाने दिया इस्तीफा, अपने ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे

महासमुंद जिला निर्माण में उनका बड़ा योगदान रहा। यहां की जनता महासमुंद जिला की मांग कर रही थी, लेकिन 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश में नए जिलों की घोषणा हुई तो उसमें महासमुंद का नाम नहीं था। रायपुर को विभाजित कर धमतरी को जिला बनाया गया, लेकिन महासमुंद की मांग अनसुनी कर दी गई। जन-आकांक्षा की अनदेखी से क्षुब्ध श्री चंद्राकर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को अपने विधायक पद से इस्तीफा भेजकर अपनी ही सरकार के खिलाफ अनवरत धरना में बैठ गए।

सरकार को झुकना पड़ा और अंततः महासमुंद जिला निर्माण की घोषणा की गई। महासमुंद जिला निर्माण के बाद सन् 1998 से 2006 तक वे कांग्रेस के प्रथम महासमुंद जिलाध्यक्ष भी रहे। कृषि उनका व्यवसाय था और बीज निगम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने प्रदेशभर के किसानों के हित में कई कार्य किए। उनका निधन महासमुंद विधानसभा ही नहीं, सम्पूर्ण महासमुंद जिला और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है।

श्रद्धांजलि देने पहुँचे पूर्व सीएम बघेल

आज सुबह रायपुर से श्री चंद्राकर का पार्थिव शरीर महासमुंद उनके निज निवास पहुंचा,पश्चात आम जनता के दर्शन के लिए कांग्रेस भवन में लाया गया जहाँ बिन्द्रानवागढ़ विधायक, महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, नपा अध्यक्ष राशि महिलांग,त्रिभुवन महिलांग, उषा पटेल,आलोक चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू सहित अनेक कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेताओं ने श्री चंद्राकर को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस भवन से शव यात्रा उनके गृह ग्राम लभराकला रवाना हुई। जहाँ उन्हे श्रद्धांजलि देने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक चातुरी नंद, पूनम चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शहर व क्षेत्र वासी उपस्थित थे।

आगजनी की घटना में करीब 12 करोड़ क्षति का अनुमान

पीड़ितों को बीमा कम्पनी से राशि मिलना शुरू

- घटना के सभी पहलुओं को समझने पुलिस बारीकी से कर रही जाँच
- कलेक्टर -एसपी ने भविष्य की रणनीति को लेकर मीडिया से की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 25 जून। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त रुप से प्रेस को सम्बोधित किया। उन्होंने गत दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्ट्रेट में हुई आगजनी की घटना के पश्चात की जा रही कार्यवाही एवं भविष्य की रणनीति के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। कलेक्टर सोनी ने बताया कि आगजनी की घटना से अब तक के आकलन में करीब 12 करोड़ रुपए क्षति का अनुमान है जिसमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन, जिला पंचायत कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील एवं पंजीयन कार्यालय भवन, वाहन, उपकरण, फर्नीचर शामिल हैं। नगर में हुई अन्य क्षति का अकलन किया जा रहा है।घटना में वाहनों को हुई क्षति के लिए बीमा कंपनियों से राशि दिलवाया जा रहा है जिसमें अब तक 7 -8 वाहन स्वामियों को बीमा राशि मिल चुकी हैं और करीब 23 प्रकरण प्रक्रियाधीन है।

कलेक्टर ने बताया कि घटना में लगभग 240 निजी व शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हुए है जिनमे पूरी तरह जले 31 निजी व शासकीय चार पहिया वाहन, 60 दो पहिया वाहन, 27 क्षतिग्रस्त चार पहिया वाहन एवं लगभग 122 क्षतिग्रस्त दो पहिया वाहन शामिल हैं।जिन निजी वहनो के बीमा नही हैं उनका मूल्यांकन कराया जा रहा है।घटना से पीड़ितों के शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने पीड़ित राहत समिति बनाई गई है। दस्तावेज क्षति के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस, आबकारी, जिला योजना एवं सांख्यियकी विभाग में दस्तावेज पुर्निर्माण के काम भी शुरू हो गए हैं। कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है। अब तक चेम्बर ऑफ़ कामर्स, सिविल सोसाइटी, अशासकीय संगठन, कृषक संगठनो, पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक कर शांति बहाली के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है तथा उपयुक्त क्षमता के सीसी टीवी कैमरा लगवाने कहा गया है। सामजिक संगठनों से बातचीत कर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने सहयोग व सुझाव लिया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम भी बनाई गई है जो 24 घंटे निगरानी कर रही है। नाकारात्मक एवं भड़काऊ पोस्ट पर प्रतिबंधत्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही एसडीएम एवं एसडीओपी के द्वारा शांति समिति की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। किराये पर दिए गए मकान व दुकान की सूची नजदीकी थाने को देने तथा ठेका श्रमिकों की सूची सम्बंधित विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर ने बताया कि जल्द ही मैदानी अमली सचिव, पटवारी, आरआई तथा सरपंचो की भी बैठक लेकर चर्चा की जाएगी।उन्होने जिले की बेहतर छवि के लिए मीडिया को सहयोग की अपील की।

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं को समझने के लिए हर तरह से पूछ ताछ की जा रही है। अब तक 138 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पोस्ट के सोर्स तक पहुंचा जा रहा हैं तथा एकाउन्ट ब्लॉक भी की जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 41 हजार 985 परिवारों का मकान निर्माण हुआ पूर्ण

बलौदाबाजार, 25 जून। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का सुचारू क्रियान्वयन कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 45 हजार 373 आवासों की स्वीकृति दी गई है। जिसमें से 45 हजार 243 को प्रथम किश्त, 44 हजार 420 को द्वितीय किश्त, 43 हजार 297 को तृतीय किश्त एवं 27 हजार 128 को चतुर्थ किश्त की राशि भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी जनपद पंचायतों के अधिकारियों की बैठक कर समस्त अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने एवं शेष किश्त की राशि हितग्राहियों को भुगतान करने हेतु निर्देश दिए गए है। जिससे आवास निर्माण कार्य तेज गति से शुरू हो गया है और हितग्राही अपने पक्के अशियानों को पूर्ण होते देख रहे है। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के स्थायी प्रतिक्षा सूची में कुल 64 हजार 992 हितग्राही शामिल है।

आपातकाल कांग्रेस की देन थी, 49 सालों में कांग्रेस का हुआ पतन : शर्मा

✍ पंडित मालूराम शर्मा

- कांग्रेस की नई पीढ़ी जब तक माफी नहीं मांगती पाप उतर नहीं सकता
- इमरजेंसी की काली रात को याद करता हूं तो आंख भर जाती है

तिल्दा-नेवरा, 25 जून। तिल्दा नेवरा के नेवरा में छोटी से होटल चलाकर आज़ के 49वर्ष पूर्व अपने बच्चों को पाल रहे थे जनसंघ का कार्य करने और यगधर्म अखबार से जुड़े थे राष्ट्रीय स्वयं सेवक की शाखा में आते जाते थे।

ओर अचानक तत्कालीन प्रधान मंत्री ने में आपातकाल की घटना को 49 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन इसकी काली यादें आज भी लोगों की जेहन में ताजा हैं। उम्र के कई पड़ाव बीतने के बाद भी उस समय के लोग आपातकाल के दर्द को नहीं भूल पाए हैं। 25 जून 1975 की रात इंदिरा गांधी ने जो इमरजेंसी थोपी थी वह भारतीय इतिहास का काला धब्बा है।

इमरजेंसी देश के इतिहास का काला अध्याय है। तब मैं जनसंघ से जुड़ा था। मेरा परिवार नेवरा और राजस्थान में रहता था। स्थानीय कांग्रेस के नेता के कहने पर पुलिस ने मुझे पकड़ लिया। मुझे जेल में डाल दिया। मेरी बैरक में गोपाल व्यास जय नारायण अग्रवाल शांता राम जी प्रताप सिंह कस्तूरिया रमेश अग्रवाल नर हरी सहाय बाला साहब देश पांडे सीता राम अग्रवाल वीरेंद्र पांडे केशव सिंह ठाकुर उपासने सहित अनेक ऐसे लोग थे

दुर्ग राजनानद गांव बिलासपुर सहित छत्तीस गढ़ के कोने कोने से लोग थे पुलिस ने समय तक नहीं दिया परिवार के लिए वह समय कठिनाई वाला था पंडित मालूराम शर्मा ने बताया की में जितने लोग बंद थे जैल में यातना भोगी है। भजन के प्रताप से कांग्रेस हालत जो है आपात काल का काला दिन है। 25 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। पीएम ने कहा कि बीवी 25 जून भूलने वाला दिन नहीं है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। 25 जून 1975 को 21 महीने के लिए इमरजेंसी लागू की गई थी और करीब 21 मार्च 1977 तक यह चली थी। यह समय पूर्व पीएम इंदिरा गांधी सरकार की मनमानियों का दौर था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत केंद्र में इंदिरा गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार की सिफारिश पर आपातकाल की घोषणा कर दी थी।

पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री के निधन होने होने के बाद देश की पीएम बनीं इंदिरा गांधी का कुछ वजहों से न्यायपालिका के साथ में टकराव शुरू हो गया था। यही टकराव आपातकाल की पृष्ठभूमि बना।

कबीर जयंती पर में निकले जुलूस का साहू समाज ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 25 जून। कबीर प्रागटय दिवस के अवसर पर सुबह कबीर कुटी हथनीपारा पर कबीरपंथियों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे नगर साहू समाज भाटापारा के पदाधिकारियों द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्टाल लगाकर सद्गुरु कबीर साहेब के निकले जुलूस में साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा कर, जुलूस में शामिल कबीर अनुयायियों को स्वल्पाहार व जलपान कराया गया। जिसमें नगर साहू समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू, मनीराम साहू, तोरण साहू, तिलक साहू, जीत नारायण साव, पिलाराम साहू, रामचंद साहू, नभ नारायण साहू, पीताम्बर साहू, निकेश साव, दशरथ साहू, अजय साहू (अमृतांशु) अमृत साहू, कमला साहू, कल्याणी साहू, राज लक्ष्मी साहू, संध्या साहू, दीपा साहू(पार्षद), सती साहू के साथ ही बड़ी संख्या में स्वजातीय जनों की उपस्थिति रहीं। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि कबीरदास जी ने भक्तिकालीन युग में अपने दोहों से समाज को मार्ग दिखाया। कबीर जी किसी एक धर्म के नहीं अपितु पूरे विश्व को सत्य, अहिंसा के साथ-साथ भाईचारे का मार्ग बतलाने वाले महान संत थे। सदुरु कबीर साहेब पर कबीर पंथियों की भगवान के रूप में गहरी आस्था है। साहू समाज में भी सदुरु कबीरदास जी पर आस्था रखने वाले कबीर पंथियों की बड़ी संख्या है। पटपर साहू समाज भाटापारा द्वारा भी स्टाल लगाकर सदुरु कबीर जयंती के उपलक्ष्य में कबीर वाणी-वचनों को गीत-संगीत के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए, खीर-पूड़ी व हलवा का प्रसाद बांटा गया जिसमें मुख्य रूप से अनूप साहू, मनीराम साहू, उत्तम साहू, टी.आर. साहू, संतोष साहू व बड़ी संख्या में पटपर साहू समाज के सामाजिक व वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रहीं।

पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण और पंप मैकेनिकों को टूल किट वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 25 जून। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर अपने जन्मदिन को यादगार व पर्यावरण को संतुलित करने ग्राम कुसुमकसा में सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ पौधरोपण और पंप मैकेनिकों को टूल किट वितरण कर हर्षोल्लास के मनाया।

ग्राम कुसुमकसा व आसपास के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा नेता देव लाल ठाकुर के जन्मदिन मनाने के लिए एकत्रित हुए और जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता नेता के लिए केक लेकर आए देवलाल ठाकुर सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात क्षेत्र के जनपद सदस्य संजय बैस की नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और सरपंचो द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किए कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला से लाद कर कार्यक्रम स्थल पर रैली के माध्यम से ले गए कार्यक्रम में इस अवसर पर ठाकुर द्वारा बोर पंप मेकनिको को अपने जन्मदिन के अवसर पर टूल्स किट वितरण किया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा की मेरे जीवन की शुरवात बोर पंप गाड़ी से अपने कैरियर प्रारंभ किया था इसलिए आज अपने जन्मदिन के अवसर पर इनके बीच मना रहा हु मेरे कार्यकता और इस क्षेत्र के जनपद सदस्य संजय बैंस का आभार व्यक्त करता हु की आज मेरे जन्मदिन के खास मौके को यादगार बनाया जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा की देवलाल ठाकुर इस क्षेत्र के सिर्फनेता ही नही बल्कि इस क्षेत्र की ताकत है अपने कुशल नेतृत्व से लाखो रुपए की विकास की सौगात दे रहे है हमारे किसान भाइयों के खेत में पानी पहुंचे इस उद्देश्य से लिफट अरिकेशन के माध्यम से ग्राम पंचायत भरीटोला में दस लाख रुपए और ग्राम पंचायत धुर्वाटोला में दस लाख रुपए स्वीकृति करायेंगे किसानों का सम्मान बड़ाया है शिक्षा के क्षेत्र में हाई स्कूल कुसुमकसा और ग्राम पंचायत बिटाल में भी दस लाख रुपए स्वीकृति किए युवाओं के लिए कई ग्राम पंचायत में ओपन जीम के लिए स्वीकृति कराए मैं पूरा क्षेत्र के तरफ से आपका आभार मानता हु इस अवसर पर सरपंच शिव राम सिंदराभे, सरपंच गणेश श्वेता, संतोष जैन, मोनू गुप्ता, वीरेंद्र सिन्हा, कमलकांत साहू, जावेद खान, बब्बू जेठवानी, कमलेश्वर सिन्हा, पोषण धनकर, दिनेश जैन, दीपक यादव, नरेंद्र परिहार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 27 जून को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 25 जून। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में गुरूवार 27 जून को मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 03 नियोजकों द्वारा 905 पदों पर भर्तियां की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में एस आर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ग्राम चिखली जेवरा सिरसा धमधा रोड दुर्ग द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिसके अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर के 06-06 पद, डेंटिस्ट के 02 पद, फिजियोथैरेपिस्ट के 01, ओटी टेक्नीशियन के 03 पद, ऑप्थेलेमिक टेक्नीशियन के 02 पद, पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन के 03 पद, नर्सिंग स्टॉफ 30 पद, डायलिसिस टेक्नीशियन के 40 पद, फील्ड ऑफिसर के 20 पद, इलेक्ट्रिशीयन के 04 पद, ड्राईवर के 10 पद, मैनेजर के 01 पद, कम्प्यूटर ऑरेटर के 05 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक की उम्र 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह द ज्ञान रश्मि ग्रुप ऑफ स्कूल कांकेर द्वारा प्राथमिक शिक्षक के 06 पद, माध्यमिक शिक्षक के 05 पद तथा हाई स्कूल के शिक्षक के 03 पद, प्रबंधक के 01, ड्राईवर के 02 तथा भृत्य के 02 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 100 एवं 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद तथा लेबर के 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भर्ती में शामिल हो सकते हैं।

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202406092200020

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024
गाजमर्रा प.ह.न. 00029 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- विश्राम वर्मा, अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्राम वर्मा आ. बखरू राम वर्मा जाति लोधी सा. गाजमर्रा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री केधरी वर्मा पिता विश्राम वर्मा का जन्म दिनांक 31.01.2007 को स्थान गाजमर्रा में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04.07.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कबीर वाणी-वचनों को गीत-संगीत के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए, खीर-पूड़ी व हलवा का प्रसाद बांटा गया जिसमें मुख्य रूप से अनूप साहू, मनीराम साहू, उत्तम साहू, टी.आर. साहू, संतोष साहू व बड़ी संख्या में पटपर साहू समाज के सामाजिक व वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रहीं।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202406092200026

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024
बोरतलाव (प.ह.न. 00027),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- चंद्रभूषण,
अनावेदक पक्षकार- इंद्र कुमार व अन्य,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रभूषण पिता रामनाथ जाति तेली निवासी बोरतलाव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम बोरतलाव प.ह.न. 27 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 172 में ख.न. क्रमशः 371/1, 380/1, 383/1 रकबा क्रमशः 0.750, 0.263, 0.174हे. कुल ख.न. 03 कुल रकबा 1.187हे. कृषि भूमि चंद्रभूषण, इंद्रकुमार, वन्दना बाई, पदमाबाई, चारो पिता रामनाथ, यशोदा बाई पति रामनाथ सभी जाति तेली सभी सा. बोरतलाव के नाम पर दर्ज है। जिसके खसरा नम्बर 371/1 रकबा 0.750हे. भूमि का चार टुकड़ों में विभाजीत है परन्तु उक्त भूमि को एक ही खसरा में दर्ज किया गया है जिससे आवेदक चंद्रभूषण एवं अनावेदकगण/सहखातेदार इंद्रकुमार, वन्दना बाई, पदमाबाई, चारो पिता रामनाथ, यशोदा बाई पति रामनाथ को काफी परेशानी हो रही है। उपरपक्षकारो को उक्त भूमि का चार टुकड़ों में बंटावरा नहीं होने के कारण काश्तकारी करने में काफी असुविधा हो रही है और परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः आवेदक उक्त भूमि ख.न. 371/1 रकबा 0.750 हे. का चार टुकड़ों में बंटावरा किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04.07.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

क्रमांक / / ना.तह./वा./2024
सिमगा, दिनांक 19/06/2024
रा.प्र.क्र./ब-121/2024
ग्राम- चंदियापथरा प.ह.नं 02

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम चंदियापथरा प.ह.नं 02 रा.नि.मं. सिमगा तहसील सिमगा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दिनेश साहू पिता राजकुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम चंदियापथरा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया कि आवेदक के पिता राजकुमार साहू पिता संतराम साहू की मृत्यु 08/06/2024 को ग्राम चंदियापथरा में होने पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत चंदियापथरा में नहीं करा पाने के कारण जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/07/2024 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.....
अ/6 वर्ष 2024-25
ग्राम- अकलतरा प.ह.नं. 08

ईश्तहार

एतद् व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक अर्जिवर यदु पिता विश्वनाथ यदु जाति देउवार निवासी ग्राम अकलतरा के द्वारा ग्राम अकलतरा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. पटपर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि कुल खसरा नंबर 129 योग रकबा 29.0060 हे. लगान 80.72 रूपए राजस्व अभिलेख में अर्राहित पिता विश्वनाथ यदुवर के संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि कि खातेदार इंतेमाई बेवा विश्वनाथ की मृत्यु दिनांक 25/01/2022 को सहखातेदार सुश्रिया पिता भागीरथी कि मृत्यु दिनांक 19/01/2016 एवं सहखातेदार रामस्वरूप पिता बालाराम के मृत्यु दिनांक 11/10/2019 को खातेदार सुधारक पिता जगदीश की मृत्यु दिनांक 7/10/2022, प्रभाकर पिता जगदीश की मृत्यु दिनांक 24/6/2019 को अविवाहीत मृत्यु हो जाने के कारण उपरोक्त भूमि के उत्ताधिकारी के रूप में आवेदक को अनावेदकगण के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु बी-1 सहित आवेदन पेश किया गया है। तहससंबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 28/06/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 28/06/24 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त ईश्तहार आज दिनांक 28/05/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

क्रमांक/662/अविअ/वा-1/2024
देवभोग, दिनांक 16.05.2024

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनक राम पिता अभेराम, जाति गोंड, निवासी आदर्श नगर मोवा रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरही, प.ह.नं. 25. तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 132/1 रकबा 0.32 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में कृषि दर्ज है जिसे वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 28.06.2024 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं समक्ष प्राधिकारी, देवभोग

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

Email-cskondagaon@gmail.com

क्रमांक/सि.स./लेखा.शा./2023-24/01/65 कोण्डागांव, दिनांक 21/6/2024

शासकीय जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु द्वितीय खुली निविदा आमंत्रण के संबंध में

शासकीय जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु (खुली निविदा के माध्यम से) आहार प्रदायगी एवं सुरक्षा, साफ-सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रित कि जाती है जिसे जिले के वेबसाईट www.kondagaon.gov.in में देखा जा सकता है। उक्त निविदा कार्य के लिए कार्यावाही हेतु निम्नानुसार निर्धारित कि गई है।

01. निविदा फार्म जिले के वेबसाईट डाउनलोड कर दिनांक 13/07/2024 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल कोण्डागांव में प्रस्तुत किया जाना है।
02. निविदा फार्म के साथ 1000/- रू. (एक हजार रूपये मात्र) आहार प्रदायगी एवं साफ-सफाई तथा सुरक्षा के लिए 500/- रू. (पांच सौ रूपये मात्र) का डी.डी. (जीवनदीप समिति आर.एन.टी. हॉस्पीटल के नाम से जमा किया जाना है।
03. निविदा खुलने कि तिथि 16/07/2024 निर्धारित है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला अस्पताल कोण्डागांव (छ.ग.)

जी-242500528/3

कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- जून 2024

प.क्र./483/रा.वि./मु.न.अ./2024 भाटापारा, दिनांक-24/06/2024

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पी.आई.सी. की बैठक दिनांक..... के विषय क्र. ..... के अनुसार नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के तहत अगर कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

क्र.	विक्रेता	क्रेता	वार्ड	खसरा नं.	आधार
1	2	3	4	5	6
1	श्रीमती जिया कामनानी पति पंकज कामनानी निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा	श्री खिलेश्वर साहू पिता उत्तम कुमार साहू निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड	ख.नं. 91/49 का टु. थे. 0.0430 हे. में से 2280 व.फी. आवासी खुला भूखंड	बैनामा
2	श्रीमती शीतल आर्य पति राधेश्याम आर्य निवासी संत कंवरराम वार्ड भाटापारा	श्री महेश सचदेव पिता स्व. हुकुमतराय सचदेव निवासी प्रेमप्रकाश नगर भाटापारा	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड	ख.नं. 168/163 का टु. थे. 0.1110 हे. मे से 3000 व.फी. व्यपवर्तित खुला भूखंड	बैनामा
3	श्री जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा वगैरह निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा	श्रीमती सुषमा साहू पति सीरभ साहू निवासी हनुमान मंदिर, परशुराम वार्ड भाटापारा	भगत सिंह वार्ड	नजूल शीट क्र. 11 सी, प्लाट नं. 151/1 थे. 236 व.मी. कमर्शियल शॉप नं. 02 सपुर बिल्डअप एरिया 152.36 व.फी. इन ग्राउण्ड फ्लोर ऑफ कोण्डोनियम नेम 'नारायणी निकेतन ब्लॉक-1'	बैनामा
4	श्री जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा वगैरह निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा	श्रीमती वीणा साहू पति लक्ष्मी प्रसाद साहू निवासी हनुमान मंदिर, परशुराम वार्ड भाटापारा	भगत सिंह वार्ड	नजूल शीट क्र. 11 सी, प्लाट नं. 151/1 थे. 208.88 व.मी. कमर्शियल शॉप नं. 04 सपुर बिल्डअप एरिया 152.36 व.फी. इन ग्राउण्ड फ्लोर ऑफ कोण्डोनियम नेम 'नारायणी निकेतन ब्लॉक-1'	बैनामा
5	श्री रत्नाकर मिश्रा एवं अम्बर मिश्रा पिता नलनीकांत मिश्रा निवासी सदर वार्ड भाटापारा	श्रीमती राजकुमारी साव पति राधेश्याम साव निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा	गुरूनानक वार्ड	ख.नं. 128/3 का टु. थे. 0.1110 हे. में से 1800 व.फी. खुला भूखण्ड आवासीय	बैनामा
6	श्री मुकेश कुमार गोकलानी पिता मोहनलाल गोकलानी निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा	श्री तुषार अग्रवाल पिता मनमोहन अग्रवाल निवासी शंकर वार्ड भाटापारा	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड	ख.नं. 205/37, 258/34 थे. क्रमशः 0.0030 हे./314 व.फी. एवं 0.0050 हे. /586 व.फी. आवासीय पक्का मकान	बैनामा
7	श्री मुकेश कुमार गोकलानी पिता मोहनलाल गोकलानी वगैरह निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा	श्री तुषार अग्रवाल पिता मनमोहन अग्रवाल निवासी शंकर वार्ड भाटापारा	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड	ख.नं. 205/22 थे. 0.0140 हे./1560 व.फी. आवासीय पक्का मकान	बैनामा
8	श्री राकेश साहू पिता धनेश साहू निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा	श्री सुशील कुमार ध्रुव पिता अवधराम ध्रुव निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड	ख.नं. 450/97, 451/97 शामिल 460/75, 487/97 शामिल, 495/95, 496/95, 497/97, 498/92, 499/37 थे. 0.0110 हे. /1200 व.फी. आवासीय खुला भूखण्ड	बैनामा
9	मु. आरती पति समारूराम भारती निवासी महासती वार्ड भाटापारा	श्री एवन भारती पिता समारूराम भारती निवासी महासती वार्ड भाटापारा	महासती वार्ड	शीट नं. 15, भू.क्र. 11/4, ख.नं. 315/3 टु. थे. 406 व.फी. परिवर्तित खुला भूखण्ड	दानपत्र
10	मु. मोमिन बानो पति मो. हनीफ पारेख निवासी संजय वार्ड भाटापारा	श्रीमती रसीता बांधे पति मोहन बांधे निवासी गुरूनानक वार्ड भाटापारा	गुरूनानक वार्ड	ख.नं. 115/28 थे. 0.0140 हे./1500 व.फी. भूमि में से 0.008 हे./857 व.फी. खुला भूखंड आवासीय	बैनामा
11	श्री घनश्याम लाल घृतडोड़े पिता अंजोर दास घृतडोड़े निवासी गुरूकृपा रावतपुरा सर्किट हाउस रायपुर	श्रीमती अर्चना गुप्ता पति महेशचंद्र गुप्ता निवासी ग्राम छुईहा, बलौदाबाजार	के.के. वार्ड	ख.नं. 261/43, 276/45, 278/15, 279/14 शामिल का टु.थे.0.0180 हे. में से 0.0090 हे./1000 व.फी. खुला भूखंड आवासीय	बैनामा
12	श्री घनश्याम लाल घृतडोड़े पिता अंजोर दास घृतडो

एक नजर

छत्तीसगढ़ डायसिस की नई बिशप चुनी गई पादरी सुषमा कुमार

रायपुर 25 जून। छत्तीसगढ़ डायसिस की नई बिशप पादरी सुषमा कुमार चुनी गई हैं। दिल्ली में सोमवार को चर्च ऑफ नार्थ इंडिया के सिनड मुख्यालय में नए बिशप का चुनाव हुआ। सिनड और छत्तीसगढ़ डायसिस के डेलिगेट ने उनका चयन किया। छत्तीसगढ़ डायसिस को पहली बार महिला बिशप और छत्तीसगढ़िया बिशप मिला है। नए बिशप ने सेवक, डीकन और पादरी के रूप में भाटापारा, तिल्दा व महासमुंद में सेवकाई दी है।

युवक से मारपीट

रायपुर, 25 जून। गौतम नगर आजाद चौक में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रजनी कौशल 35 वर्ष गौतम नगर आजाद चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पिंकु गजभिये 40 वर्ष ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 451, 294, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर, 25 जून । सिलतरा स्थित देशी शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यशवंत साहू 30 वर्ष ग्राम जरौद आरंग का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केसी 1604 को सिलतरा के देशी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

करंट से युवक की मौत

रायपुर, 25 जून । सिलतरा स्थित सोनू मोनू चौक में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित गुप्ता 30 वर्ष उरकुरा का रहने वाला था। वह सिलतरा स्थित सोनू मोनू चौक में आरोपी प्रकाश मिश्रा के दुकान में काम करता था। बताया जाता है कि मृतक रोहित ट्रक बॉडी रिपेयर कर रहा था, तभी करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर, 25 जून। ग्राम पचेड़ा स्थित मकान का दिवाल फांदकर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 35 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र अशोक भारती 38 वर्ष ग्राम पचेड़ा का रहने वाला है। बताया जाता है कि 23-24 जून की दरम्यानी रात अज्ञात चोर ने घर का दिवाल फांदकर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 35 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

रायपुर, 25 जून। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने गोगांव में सरेआम शराब पीते आरोपी नीरज अग्रवाल 38 वर्ष व रोहिणी प्रसाद तिवारी 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी जनक चौहान 29 वर्ष व सुनील चौहान 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी धनीराम साहू 65 वर्ष, महेन्द्र कुमार साहू 35 वर्ष व कमलेश कुमार साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला

रायपुर, 25 जून। दक्षिण पश्चिम मानसून पूरे प्रदेश में छा गया है 26 जून से कई स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मौसम वैज्ञानिक हरिप्रसाद चंद्रा ने बताया कि एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से तटीय महाराष्ट्र तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में सोमवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है । जबकि प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में 26 जून से वृद्धि होने की संभावना है 27 और 28 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है ।

भाजपा करेगी मतदाताओं का अभिनंदन

27 जून से 14 जुलाई तक होंगे हर विधानसभा में कार्यक्रम

रायपुर 25 जून। लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर एवं एनडीए की सरकार मतदाताओं द्वारा तीसरी बार चुने जाने पर भाजपा पूरे देश में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम करने जा रही है। इन कार्यक्रमों को संचालित करने हेतु बनाई गई समिति में छत्तीसगढ़ से बनाई गई समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 27 जून से 14 जुलाई तक हर विधानसभा में मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम रखा जाएगा।प्रत्येक विधानसभा में 2000 से ज्यादा मतदाताओं के सम्मेलन संचालित कर उन्हें तिलक लगाकर, पटका पहनाकर, शाल श्री फल देकर सम्मानित किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव में बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा जी के निर्देश पर कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है एवं इसमें विकसित भारत ,भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी जी की गारंटी, इन विषयों पर भी चर्चा होगी एवं इन कार्यों हेतु बनाई गई समिति में अशोक बजाज, भरत सिसोदिया एवं उपकार चंद्राकर सदस्य होंगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह भाजपा के संस्कार है कि वह मतदाताओं को भगवान के रूप में देखती है एवं सदैव उनका धन्यवाद करती है साथ ही साथ भाजपा जनता से किए गए वादों के बारे में चर्चा भी करती है उसका रिपोर्ट कार्ड भी देती है इसीलिए ही भारत देश की जनता ने ,देश के करोड़ों मतदाताओं में लगातार तीसरी बार एनडीए को अवसर दिया है विपक्ष के लोगों ने अनेक प्रयास किए यहां तक कि देश के दुश्मनों तक का सहयोग किया सारे विरोधी एक हो गए ,लेकिन फिर भी जनता ने तीसरे बार एनडीए की सरकार को ही मौका दिया ,राष्ट्र हित में मतदाताओं का लिया गया यह निर्णय अभिनंदनीय है।

अमलेश्वर थाने में पौधरोपण

रायपुर, 25 जून । धरा फाउंडेशन, अघरिया महिला सेवा समिति एवं महादेव वाटिका महिला मंडल के द्वारा रविवार 23 जून को अमलेश्वर थाना जिला दुर्ग में वृहद वृक्षारोपण किया गया। अमलेश्वर थाना प्रभारी श्री अनिल पटेल के सौजन्य से किए गए वृक्षारोपण में महिला मंडल की सदस्यों ने विभिन्न किस्मों जैसे- आम, अमरूद, शहतूत, बादाम जैसे फलदार पेड़ के साथ पीपल, नीम, करंज, चंदन, शीशम, अशोक के छायादार पेड़ भी लगाए। बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण व संरक्षण में पेड़ों की महत्तम भूमिका है, इसे जानते तो सब हैं, पर जरूरत है, जहां सम्भव हो वहाँ वृक्षारोपण की पहल की जा सके, सरकार के साथ मिलकर सभी लोगों को हरियाली बढ़ाने का प्रयास करने की आवश्यकता है। यह कहना है धरा फाउंडेशन, अघरिया महिला सेवा समिति, महादेव वाटिका महिला मंडल की सदस्यों का।

इस अवसर पर अमलेश्वर थाना प्रभारी श्री अनिल पटेल, अध्यक्ष श्रीमती मंजू पटेल, सुषमा प्रेम पटेल, बोध कुँवर नरसिंह पटेल, मिन केतन नायक, रामनारायण पटेल, लोकाव्या पटेल, आशा पटेल, अनिल पटेल, मोनिका पटेल, रेश्मा पटेल, ममता पटेल, नीतू, संघमित्रा, अंजलि आदि सदस्य उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रायपुर 25 जून। आज सुबह अमलेश्वर के पास ग्राम सांकरा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटर साइकिल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक पास के ही गांव का रहने वाला था। मौके पर पुलिस पहुंच गई है।

ट्रेनें रद्द होने के बाद बस-टैक्सी का भाड़ा बढ़ा,यात्री परेशान

रायपुर, 25 जून। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनें बड़ी संख्या में कैंसिल होने और चल रही ट्रेनों में कंफर्म बर्थ नहीं मिलने से यात्री परेशान हैं। इधर यात्रियों की मजबूरी का फायदा बस और टैक्सी संचालक किराया बढ़ाकर उठा रहे हैं। मानसून को देखते हुए दूसरे राज्यों से मजदूरों के लौटने से लंबी दूरी की अधिकतर बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं है। इसके चलते लोगों को खड़े होकर किसी तरह यात्रा करनी पड़ रही है। 12 जून से 10 जुलाई तक 90 ट्रेनों के कैंसिल होते ही बस संचालक भी मनमाना किराया वसूल रहे हैं। वहीं निजी टैक्सी मालिक में चांदी काट रहे हैं। दरअसल ट्रेनों के अनियमित परिचालन के चलते टैक्सी और बस संचालक यात्रियों को देखकर मनमुताबिक किराया ले रहे हैं। सामान्य दिनों में टैक्सी की क्षमता के अनुसार आठ से 14 रुपये प्रति किलोमीटर किराया लिया जाता है। नाइट हॉल्टिंग का 800 से 1000 रुपये अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा था। बसों में भीड़ को देखते हुए रायपुर से अंबिकापुर का 1,000, गढ़वा रोड का 1,400, बिलासपुर का 300 रुपये किराया वसूला जा रहा है। वहीं बुक कराने पर 10 से 15 रुपये प्रति किलोमीटर किराया और नाइट हॉल्टिंग के 1,000 से 1,200 रुपए लिए जा रहे हैं। ट्रेनों के अनियमित परिचालन के चलते टैक्सी चालक और बस एजेंट मनमाना किराया यात्रियों से वसूल रहे हैं। ट्रेनें रद और जो ट्रेने चल रही हैं, उनमें कंफर्म बर्थ नहीं मिलने के कारण यात्रियों को मजबूरी में अधिक पैसे देकर सफर तय करना पड़ रहा है।

साधर्मिक परिवारों को बीपी-शुगर मशीन का वितरण

रायपुर 25 जून। कोरोनाकाल के पश्चात सामान्यतः परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारियों ने अनेक जानें ली है । ब्लड प्रेशर कम ज्यादा होना जीवन के लिए घातक हो जाता है । घरों में बी पी मशीन होने से तुरंत प्रारम्भिक इलाज कर जान बचाई जा सकती है , जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा जैन साधर्मिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना का शुभारंभ किया गया । स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना में 2500 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर एक साधर्मिक परिवार के सजग प्रहरी बन सकते हैं । इस योजना के अंतर्गत बी पी व शुगर जांच की अभी तक 35 मशीनों का वितरण

किया गया । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि नौकरीपेशा व मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को आवश्यकता अनुसार 1 ब्लड प्रेशर मशीन व 1 शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया जा रहा है । जून माह में जिन परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर से पीड़ित परिजन हैं ऐसे 15 परिवारों को मशीन वितरित की गई है । कोचर व चोपड़ा ने बताया कि जुलाई माह में 20 परिवारों को और मशीन दी जावेगी । जिन साधर्मिक भाई बहनों के परिवार में ब्लड प्रेशर व शुगर के मरीज हों वे संपर्क कर नाम दर्ज करवा सकते हैं । जैन संवेदना ट्रस्ट के चन्द्रेश शाह ने बताया कि संस्था द्वारा शुगर इक्यूपमेंट के साथ एक पैकेट जांच पट्टी भी दी जा रही है , आगे जांच पट्टी स्वयं को लेनी होगी । चन्द्रेश शाह ने आगे बताया कि जरूरत होने पर ब्लड प्रेशर व शुगर जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है । वितरण अवसर पर महेन्द्र कोचर , विजय चोपड़ा , प्रदीप बैद उपस्थित रहे । ज्ञात हो कि जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा विगत दिनों में साधर्मिक स्वावलंबन योजना के अंतर्गत व्यवसाय में सहयोग किया जा रहा है व सुकन्या विवाह योजना पर कार्य किया जा रहा है ।

जीएसटी में राहत के लिए मोदी व सीतारमण की सराहना

रायपुर 25 जून। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा जीएसटी में किए गए महत्वपूर्ण घोषणाएं केंद्रीय सरकार और जीएसटी काउंसिल का व्यापार करने में आसानी प्रदान करने की दिशा में बड़ा सकारात्मक कदम है। कैट ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन के नेतृत्व की सराहना की और आशा व्यक्त की कि जीएसटी कराधान को और अधिक सरल और तर्कसंगत बनाया जाएगा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि इन राहतों से व्यापारियों को भारी वित्तीय बोझ से मुक्ति मिलेगी और यह सरकार की व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक कदम उठाने की सोच को भी दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि ब्याज और पेनल्टी में छूट, इनपुट टैक्स क्रेडिट की समय सीमा का विस्तार और मुकदमेबाजी और पूर्व-डिपॉजिट आवश्यकताओं में कमी से करदाताओं को बहुत जरूरी राहत मिलेगी। ये उपाय अनुपालन को बढ़ावा देंगे और व्यापारिक समुदाय, विशेष रूप से एमएसएमई को समर्थन देंगे। आवश्यक सेवाओं की लागत को कम करने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त छूट और सिफारिशें आर्थिक वृद्धि और करदाता समर्थन के प्रति एक संतुलित और विचारशील दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।

बलौदाबाजार हिंसा पर मायावती ने जताई चिंता

रायपुर, 25 जून। बलौदा बाजार मे हुई हिंसा और आगजनी की घटना को बसपा प्रमुख मायावती ने षड्यंत्रकारी असामाजिक तत्वों द्वारा कि गई कार्रवाई बताया है और कड़ी निंदा की है। इसपर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है और इसे बनाए रखने कि हरसंभव कोशिश की जाएगी। कुछ निहित स्वार्थी तत्व राजनीतिक प्रश्रय पा कर समाज मे विष बोने का काम कर रहे हैं, उनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने उपद्रवियों की निंदा किये जाने पर बसपा सुप्रीमो मायावती का आभार व्यक्त किया है। आज दोपहर बसपा प्रमुख मायावती ने अपने ट्वीटर हैन्डल पर गिरौदपुरी में जैतखंभ को क्षति पहुचाए जाने की घटना को असमाजिक तत्वों का कृत्य बताते हुए चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि इसके विरोध मे सतनामी समाज द्वारा सीबीआई जांच की मांग को लेकर बलौदा बाजार मे किये गए धरना प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर परिसर में षड्यंत्रकारी असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़-फोड़ आदि की घटना भी अति निंदनीय है। जिस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने ङ्ग हैन्डल पर जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने लिखा- धन्यवाद सुश्री मायावती, छत्तीसगढ़ शांति का टापू है और इसे बनाये रखने की हरसंभव कोशिश की जायेगी। प्रदेश की शांति व्यवस्था को कायम रखना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने लिखा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व राजनीतिक प्रश्रय पा कर समाज में विष बोने का काम कर रहे हैं, उनसे कड़ाई से निपटा जायेगा।

योग उत्सव में छग के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर ने भाग लिए

रायपुर 25 जून। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़,के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के दिशानिर्देश में तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला,तथा जिला अध्यक्ष जी स्वामी,जिला आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार खंडेलवाल के निर्देश में व जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला जिला संगठन आयुक्त (स्का .) बालक दास राऊत, जिला संगठन आयुक्त (गा.) लक्ष्मी नायक के मार्ग दर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय स्तर योग उत्सव 2024 कार्यशाला 19 से 23 जून तक स्थान राज्य प्रशिक्षण केन्द्र अम्बाला हरियाणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी सीनियर गाइड़र श्रीमति आरती सिंह राजपूत, श्री गुजराती स्कूल उ. मा. वि. देवेन्द्र नगर प्रभारी सहित 09, सहायक प्रभारी श्रीमति निशां सिंह शा उ मा वि पौंड अभनपुर प्रभारी सहित रोवर 04,भरत देवांगन शा. उ. मा. वि .खरोरा विकास खंड तिल्दा के गाइड़, रोवर रेंजर 08, कुल संख्या 21 क्षेत्रीय स्तर योग उत्सव में भाग लेने के लिए रवाना हुए ।

अजय सिंह ने संभाला राज्य निर्वाचन आयुक्त का काम

- नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में आएगी तेजी
- अगले वर्ष पंचायत चुनाव को लेकर भी तैयारियां करनी होगी

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 25 जून। राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव कराने के लिए नियुक्त किए गए अजय सिंह अजय सिंह ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही अब नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी तैयारियां शुरू कर दी जाएगी। पहले परिसीमन फिर वार्ड आरक्षण के पश्चात चुनाव की तिथियां घोषित कर दी जाएगी।

शासन द्वारा पिछले 6 माह से रिक्त राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त पद पर पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह की नियुक्ति कर दी गई थी। आज उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पश्चात यहां पर नगरीय निकाय चुनाव तैयारियां शुरू हो गई है। शासन के नगरीय निकाय विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार राज्य में 24 जून से लेकर 15 जुलाई तक वार्ड का विस्तार, परिसीमन किया जाएगा जिस पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की जाएगी। शासन के नगरीय निकाय विभाग द्वारा इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

परिसीमन को लेकर सियासत तेज

राज्य में करीब 200 से अधिक नगरीय निकाय हैं। इनमें से 13 नगर निगम, 50 पालिका एवं 130 नगर पंचायतें हैं। राज्य शासन के निर्देश पर नगर निगम ने परिसीमन के लिए एडीएम तथा एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया है। नगर निगम के नगर निवेशक और जोन कमिश्नरों को इस टीम में शामिल किया गया है। राज्य में परिसीमन का निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। जनप्रतिनिधियों के अनुसार इसमें वार्ड का नाम बदल दिया जाता है तथा बराबर जनसंख्या नहीं होने के कारण काफी परेशानी होती है। वार्ड के नाम बदलने से शासकीय दस्तावेजों को भी बदलना पड़ता है। इससे मतदाताओं को परेशानी होती है। नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। राजधानी रायपुर से लगे अमलेश्वर, मंदिर हसौद को भी नगर पालिका का दर्जा दे दिया गया है। जिसके चलते अनेक महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय हो गए हैं। नगर पालिका बनाए जाने के बाद अमलेश्वर में भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं। राज्य में 20 से अधिक नए नगर पालिका एवं नगर पंचायत बनाए गए हैं। नगर पंचायत बनाने के बाद आदिवासी क्षेत्रों में वन पट्टा तथा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलता।

महापौर चुनाव पर सरकार लेगी फैसला

राज्य में 13 नगर निगम हैं। इसके महापौर का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रणाली से किया जाए इसको लेकर फैसला सरकार करेगी। बताया जाता है कि शासन द्वारा मानसून सत्र में इसके लिए एक कानून लाना पड़ेगा। पालिका व नगर पंचायतों में भी चुनाव के लिए ईवीएम का प्रयोग किया जाएगा अथवा बैलेट पेपर से मतदान होगा इस पर भी सरकार को निर्णय करना होगा। नए आयुक्त के पदभार ग्रहण करने के बाद नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों में तेजी आएगी। इसके पश्चात पंचायत चुनाव कराया जाएगा। अगले वर्ष नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का वर्ष होगा।

रायपुर में जूनियर मिस इंडिया का ऑडिशन

रायपुर, 25 जून। जूनियर गर्ल्स में आत्मविश्वास जगाकर उनका हौसला बढ़ाने वाला बहुप्रतीक्षित फैशन इवेंट ÷जूनियर मिस इंडिया 2025÷ सीजन 3 के ऑडिशन 23 जून, रविवार को रायपुर में सफलता पूर्वक संपन्न हुए, जहाँ 50 से अधिक बालिकाओं ने रैम्प वाक किया और अपनी खूबसूरती और मासूमियत से जजों को मोहित कर लिया। 5 से 16 वर्ष तक की बेटियों के लिए आयोजित इस भव्य फैशन इवेंट के ऑडिशन रायपुर सिटी सेंट्रल मॉल में 11 बजे से 4 बजे किए गए थे। जूनियर मिस इंडिया 2025 सीजन 3 का आयोजन माय सिटी इवेंट्स इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है। इसकी सीईओ मृदुला सोनी ने बताया कि देश भर के लगभग सभी राज्यों की बेटियों को फैशन, एक्टिंग और मॉडलिंग में करियर बनाने का अवसर देने के लिए 25 शहरों में सीजन 3 के ऑडिशन किए जा रहे हैं। भुवनेश्वर और लखनऊ में ऑडिशन हो चुके हैं जबकि 23

जून 2024 को कोलकाता और रायपुर में हुए। हर वर्ष इस फैशन इवेंट के लिए हजारों रजिस्ट्रेशन होते हैं। कड़ी स्पर्धा के बाद ग्रैंड फिनाले के लिए 120 फाइनलिस्ट का चयन किया जाता है और फिर चार कैटेगरी में 12 विनर्स को चुना जाता है। डाईटिशियन एंड वेलनेस एक्सपर्ट शिल्पी गोयल, पेंटिंग कोच एंड फैशन डिज़ाइनर मनीषा अग्रवाल, कविता राठी और आकृति अग्रवाल बच्चों की परफॉर्मेंस को जज करने के लिए एवं उनका उत्साहवर्धन करने के लिए ज्यूरी में शामिल हुई।

ऑपरेशन निजात से संवर रहा युवाओं का भविष्य

रायपुर, 25 जून। बिलासपुर, रायगढ़, महासमुंद, कोरिया और अन्य जिले में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए निजात अभियान के माध्यम से नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और लोगों को नशे की लत छोड़कर सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतर युवाओं को स्कूल के दौरान गलत संगत के वजह से शराब और गांजे की लत लग जाती है और नशे की लत के कारण युवा अपनी पढ़ाई छोड़ देते हैं। इस लत के वजह से उनका पारिवारिक और वैवाहिक जीवन भी नारकीय हो जाता है। निजात अभियान के कारण सैकड़ों युवाओं ने नशा छोड़ दिया है और अब उनका जीवन भी सुखमय हो गया है। ये सब निजात अभियान के कारण ही संभव हुआ है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26